DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक

दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

वर्ष-01 | सोमवार 10 अक्टूबर 2022 | पीडीएफ अंक-173 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

मौसम

अधिकतम –25 | सूर्योदय – 6 : 18
न्यूनतम – 22 | सूर्यास्त – 5 : 57

सोना चांदी

साप्ताहिक मुद्रा बाजार बंद

अर्थसार

साप्ताहिक शेयर बाजार रहा बंद

न्यूज फ्लैश

गुजरात में मोदी या केजरीवाल, फिर खिलेगा कमल या आप करेगी पंजाब वाला कमाल

नई दिल्ली। गुजरात में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होना है। इलेक्शन की तारीख नजदीक आने के साथ ही राज्य का सियासी पारा भी चढ़ गया है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यहां जनसभाएं करने वाले हैं। पीएम मोदी जहां आज गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे, वहीं सीएम केजरीवाल शनिवार को ही यहां पहुंच चुके हैं। अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान आज राज्य में दो रैलियों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। पीएम राज्य में 14,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के साथ ही विभिन्न जनसभाओं में शामिल होंगे। मोदी शाम को मेहसाणा जिले के मोढेरा गांव में करीब 3,900 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वह मोढेरा को 24 घंटे सौर ऊर्जा से चलने वाला भारत का पहला गांव भी घोषित करेंगे। प्रधानमंत्री मोधेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ ही मोढेरा के सूर्य मंदिर में दर्शन करने भी जाएंगे। पीएम मोदी सोमवार को अहमदाबाद में जरूरतमंद छात्रों के लिए बनाए गए शैक्षिक परिसर 'मोदी शैक्षिक संकुल' के पहले चरण का उद्घाटन भी करेंगे। यह परियोजना छात्रों को समग्र विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। सोमवार शाम को मोदी जामनगर में 1,460 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वह मंगलवार को राजकोट जिले के जामकंदोरना में एक सभा को संबोधित करेंगे। जाहिर है कि चुनाव से ठीक पहले होने वाले उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम मतदाताओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। वहीं, आप के दोनों नेता आदिवासी बहुल वलसाड जिले के धरमपुर और सूरत जिले के कड़ोदरा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल और मान ने शनिवार को दाहोद शहर में जनसभा को संबोधित किया था। इसके बाद उन्होंने वड़ोदरा में 'तिरंगा यात्रा' में भाग लिया था। गौरतलब है कि आप गुजरात में खुद को भाजपा के मुख्य विपक्षी दल के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है। गुजरात में 27 वर्ष से भाजपा की सरकार है।

अयोध्या में तेज गति से चल रहा मंदिर निर्माण का काम, गर्भगृह का 40 प्रतिशत काम पूरा

अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में रामलला के जन्म स्थली पर राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। रामलला के गर्भगृह का निर्माण का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। गर्भगृह के निर्माण में तराशे गए पत्थरों को एक के बाद एक सात सतह में लगाया है। मंदिर निर्माण की प्रगति पर संतुष्टि जाहिर कर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि पत्थरों से निर्माण किए जा रहे मंदिर का संपूर्ण कार्य एक साथ किया जा रहा है। मंदिर के प्रथम तल में प्रवेश द्वार से लेकर सिंह मंडप तक गर्भगृह के साथ निर्माण किए जाएंगे। सूत्रों की माने तब इसके बाद 166 स्तंभों का निर्माण कार्य शुरू होगा है। इस लेकर गर्भगृह सहित पूरे मंदिर के प्रथम तल निर्माण को बारीकी से कराया जा रहा है। मंदिर दीघार्यु हो इसके लिए वैज्ञानिक पद्धति से मंदिर बनाया जा रहा है। जिसके लिए जरूरी है कि मंदिरों की हर एक परत एक लेयर में हो। जिसमें 1 मिलीमीटर का भी अंतर नहीं होना चाहिए। इसकारण तय मानक के अनुरूप मंदिर निर्माण एक्सपर्ट की देखरेख में चल रहा है। राम जन्मभूमि में रामलला का मंदिर दिसंबर 2023 तक बनकर तैयार होना है। मंदिर के प्रथम तल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस लेकर एलएनटी और टाटा के इंजीनियर 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। मंदिर निर्माण में भूतल पर पूरब-पश्चिम दिशा में लंबाई 380 फिट है। भूतल पर उत्तर दक्षिण दिशा में चौड़ाई 250 फीट है। जिसमें बलुआ पत्थर के 166 स्तंभ, प्रथम तल में 144 और दूसरे तल में 82 स्तंभ बनाए जाएंगे यानी मंदिर में कुल 392 स्तंभ होने हैं। श्री राम जन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव राय ने कहा कि पत्थर से बन रहे मंदिर का संपूर्ण काम एक साथ किया जाता है। पत्थर से बनाए जाने वाले मंदिर के निर्माण का काम टुकड़ों में नहीं होगा। इसलिए मंदिर के प्रत्येक तल का निर्माण एक साथ हो रहा है। जिसमें प्रमुख तौर पर गर्भ गृह के साथ प्रवेश द्वार, रंग मंडप बनाया जा रहा है। प्रथम तल के निर्माण के बाद उसकी जांच होगी। ट्रस्ट के महासचिव ने दावा किया कि पत्थर से निर्मित किए जाने वाले मंदिर की प्रत्येक मंजिल 1 सतह में होगी, उसमें 1 मिमी का भी अंतर नही होना चाहिए। राय ने बताया कि मंदिर निर्माण तेज गति से चल रहा है। 40 प्रतिशत से ज्यादा मंदिर निर्माण पूरा हो चुका है। राय ने कहा कि नक्काशीदार पत्थरों की सात सतह एक के ऊपर एक रखी जा चुकी है। निर्माण कार्य प्रक्रिया बहुत ही अच्छी गति से चल रही है। पत्थरों से निर्मित किए गए मंदिर में हर एक लेयर अच्छे से मिलाया जाना बहुत आवश्यक है।

भाजपा के शासन में असम व पूर्वोत्तर के अन्य राज्य विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़े : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 8 साल के शासन के दौरान असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्य शांति व विकास के मार्ग पर आगे बढ़े हैं। शाह ने असम की राजधानी गुवाहाटी में पार्टी के नवनिर्मित राज्य कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद दावा किया कि आजादी के बाद से 1970 के कांग्रेस शासन ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को हिंसा और अराजकता की ओर धकेल दिया था, जबकि पिछले 8 सालों के दौरान मोदी के नेतृत्व ने इस क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद की है। उन्होंने कहा कांग्रेस शासन के दौरान न शांति थी, न विकास हुआ और न इन राज्यों ने विकास किया और यहां तक कि क्षेत्र की संस्कृति को भी नुकसान हुआ था।

सन 2014 से 2022 के बीच यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अमित शाह ने कहा मोदी जी एक बड़े बरगद के पेड़ की तरह हैं, जिनकी छाया में यह क्षेत्र उनके द्वारा निर्धारित विकास लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के दौरान वह एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में कई बार यहां आए थे, और कई बारकांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया के निदेर्शों के तहत उन्हें बुरी तरह पीटा गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 9,000 उग्रवादियों से हथियार डलवाकर असम में शांति स्थापित की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बजट को तिगुना कर दिया है, जिससे सभी क्षेत्रों में ढांचागत विकास हुआ है। शाह ने कहा 2006-14 के दौरान राज्य में उग्रवादियों की संख्या 8,700 थी, जबकि हिंसा में 500 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। हालांकि, 2014 से 2022 के बीच उग्रवादियों की संख्या घटकर 250 रह गई और हिंसा के कारण 127 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है।

मुलायम सिंह की हालत बिगड़ी, मेदांता अस्पताल आईसीयू में भर्ती दी जा रही लाइफ सेविंग ड्रग्स

नई दिल्ली। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तबीयत रविवार को और बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है और जीवन रक्षक दवाएं दी जा रही हैं। विशेषज्ञ वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। मेदांता अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संजीव गुप्ता ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुलायम सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। उन्हें लगातार जीवन रक्षक दवाएं दी जा रही हैं। बता दें कि, 82 वर्षीय सपा नेता मुलायम सिंह बीते अगस्त महीने से मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं और उनका यहां लंबे समय से इलाज चल रहा है। पिछले रविवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिस-के बाद उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। मुलायम सिंह वह वर्तमान में मैनपुरी सीट से लोकसभा सांसद हैं।

22 नवंबर, 1939 को जन्मे मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभाला और केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया। वे 10 बार विधायक और 7 बार लोकसभा सांसद चुने जा चुके हैं। इससे पहले, इसी साल जुलाई महीने में समाजवादी पार्टी के पूर्व मुखिया की पत्नी साधना गुप्ता का निधन हो गया था। फेफड़ों में संक्रमण के चलते उनका गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

ईएसी पीएम के सदस्य सान्याल ने कहा, 7 फीसदी रहेगा आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली। वैश्विक मंदी की आशंका के बीच वित्त वर्ष 2022-23 में भारत 7 फीसदी की वृद्धि दर के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था के तौर पर उभरेगा। उन्होंने रुपये की लगातार गिरती कीमतों के बारे में कहा कि हमें केवल डॉलर और रुपये की विनिमय दर के आधार पर आकलन नहीं करना चाहिए, जबकि अन्य मुद्राओं तुलना में डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य संजीव सान्याल ने रविवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की वृद्ध दर हासिल करेगी। सान्याल ने कहा कि साल 2000 की शुरूआत के सकारात्मक माहौल में वैश्विक अर्थव्यवस्था वृद्धि कर रही थी, उसी तरह के माहौल में फिर भारत नौ फीसदी की वृद्धि हासिल कर सकता है। वैश्विक मंदी की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए सान्याल ने कहा कि दुनिया के कई देशों को कम वृद्धि का सामना करना पड़ेगा, बल्कि वे मंदी की दौर में भी जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि तेल की बढ़ती कीमतें, सख्त मौद्रिक नीति का माहौल रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बन रहा है। उन्होंने रुपये की लगातार गिरती कीमतों के बारे में कहा कि हमें केवल डॉलर और रुपये की विनिमय दर के आधार पर आकलन नहीं करना चाहिए, जबकि अन्य मुद्राओं तुलना में डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने हाल ही में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 7.0 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। विश्व बैंक ने भी बिगड़ते अंतरराष्ट्रीय हालात का हवाला देकर भारत के आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है।

जेपी नड्डा ने हमीरपुर में दिया कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र

हमीरपुर। चार-चार पीढ़ियां खपी है तब भाजपा में यह ताकत आई है। अगर भाजपा का मुकाबला करना है तो 45 साल की तपस्या करनी पड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पंच परमेश्वर सम्मेलन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को कमल का फूल खिलाने के लिए अपनी ताकत लगाने का आह्वान करते हुए यह बात कही है। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें पंच परमेश्वर के दर्शन हुए और उन्हें उनकी ताकत का एहसास कराने आज यहां आए हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि विधानसभा चुनाव आ रहे हैं और हम अपनी साधना को हमारी तपस्या को जाया नहीं करेंगे तथा अपनी पूरी ताकत कमल का फूल खिलाने को लगाएंगे। जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में एक-एक कार्यकर्ता से संपर्क करना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद जनप्रतिनिधियों को करना है जनप्रतिनिधियों को उन्होंने कहा कि आप अपने अपने क्षेत्र के नेता हो जनता आप को सुनना चाहती है तो उन्हें बताएं कि कौन कौन सी सरकार की योजना से कितने कितने लोगों को उनके क्षेत्र में लाभ मिला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि अपने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क जनसंवाद को बढ़ाते हुए हर वर्ग हर व्यक्ति से संपर्क करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस हमेशा हिमाचल को बचा खुचा देती थी और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा हिमाचल को मुख्यधारा में रखा है। केंद्र में अनुराग ठाकुर को बड़े-बड़े विभागों का दायित्व दिया गया है। कांग्रेस की सरकारों में हिमाचल की क्या भूमिका रहती थी यह आम व्यक्ति को बिल्कुल नहीं पता होता था। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेवारी है कि कोई भी घर समाज लाभार्थी उनके संपर्क अथवा संवाद से छूटेगा नहीं अपने अपने क्षेत्र में पार्टी की बढ़त बढ़ाने की जिम्मेवारी सभी जनप्रतिनिधियों की है।

महबूबा मुफ्ती ने भाजपा की नीयत पर उठाए सवाल

महबूबा मुफ्ती ने गांधीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

जम्मू। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भाजपा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अपना गुस्सा निकाला। मुफ्ती ने कहा कि भाजपा जम्मू का मुख्यमंत्री बनाने का वादा कर रही है, लेकिन उन्होंने प्रदेश का उपराज्यपाल, मुख्य सचिव या उपराज्यपाल का सलाहकार किसी जम्मू के नागरिक को क्यों नहीं बनाया। महबूबा ने आगे कहा कि वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह को ही जम्मू का उपराज्यपाल बना देते। किसी भाजपा नेता को ही यह पद दे देते। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर का मुख्यमंत्री तो आम जनता ने बनाना है, उसमें आपका क्या योगदान। महबूबा रविवार को जम्मू शहर के गांधीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री शाह के तीन परिवारों के सवाल के जवाब में कहा कि सबसे ज्यादा परिवारवाद और भ्रष्टाचार तो भाजपा में है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के बेटे जय शाह, जिन्हें बल्ला पकड़ना भी नहीं आता वह बीसीसीआई के सचिव बने हुए हैं और शहजादे की जिंदगी जी रहे हैं। उनका क्रिकेट के लिए क्या योगदान रहा है, यह भी तो बताया जाए।

ठाकरे समूह ने चुनाव चिन्ह और पार्टी के तीन-तीन नाम तय किए

मुंबई। चुनाव आयोग की ओर से शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह धनुष-बाण पर रोक लगाये जाने के बाद उद्धव ठाकरे समूह ने र-विवार को पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई, जिसमें चुनाव चिन्ह और पार्टी के लिए तीन-तीन नए नाम तय किए गए हैं। यह नाम 10 अक्टूबर को दोपहर एक बजे तक चुनाव आयोग के पास भेज दिए जाएंगे। दरअसल, चुनाव आयोग ने शिंदे और ठाकरे गुटों से 10 अक्टूबर दोपहर एक बजे तक अपने-अपने चुनाव चिन्ह आयोग में पेश करने को कहा है। इसीलिए बांद्रा स्थित मातोश्री बंगले पर वरिष्ठ नेताओं की आज बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्धव ठाकरे ने आम जनता तथा शिवसेना कार्यकताओं से संयम बनाए रखने की अपील की है। डेढ़ घंटे तक चली बैठक में विभिन्न वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। ठाकरे समूह के प्रवक्ता भास्कर जाधव ने बताया कि बैठक में तय किए गए पार्टी के नए तीन नामों में ठाकरे परिवार की तीन पीढ़ियां परिलक्षित होती हैं। पार्टी के लिए शिवसेना बालासाहेब ठाकरे, शिवसेना प्रबोधनकर ठाकरे और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे नाम तय किये गए हैं। इसी तरह त्रिशूल, उगता सूरज और मशाल को चुनाव चिन्ह तय किया गया है। यह सभी नाम सोमवार को दोपहर एक बजे तक चुनाव आयोग के पास भेज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पार्टी अंधेरी पश्चिम विधानसभा उप चुनाव में पूरे जोश के साथ मैदान में उतरेगी और चुनाव जीतेगी। बैठक में वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई, विनायक राऊत, चंद्रकांत खैरे, सुषमा अंधारे अरविंद सावंत सहित कई नेता उपस्थित थे।

Vacancy

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर

दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

मुंबई एयरपोर्ट पर मिले 600 से अधिक दुर्लभ किस्म के सांप, मछली और छिपकली

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई जोनल यूनिट ने मुंबई एयरपोर्ट पर 600 से ज्यादा अलग-अलग प्रजाति के सांप, कछुए, छिपकली और अन्य जानवर बरामद किए गए हैं. ड-ीआरआई ने एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, मुंबई से एक खेप में कई विदेशी प्रजातियों के 665 जानवरों को जब्त किया है. कुल 30 बक्सों में से 16 बक्सों में मछलियां और 13 बक्सों में विभिन्न प्रकार के कछुए, सांप, छिपकली और इगुआना समेत कुल 665 जानवर पाए गए. ये अवैध तरीके से विदेशों से भारत लाए जा रहे थे. इस संबंध में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि जब्त किए गए जानवरों में से कुछ मरे पाए गए हैं. सूत्रों के मुताबिक, बाजार में इनकी कीमत 2.98 करोड़ रुपये आंकी जा रही है. डीआरआई के एक अधिकारी के अनुसार जिंदा मछलियों के आयात के नाम पर देश में तस्करी कर लाए गए जानवरों में दुर्लभ किस्म की छिपकलियां, अजगर और इगुआना को बरामद किया गया है.

जिस शख्स ने इस सामान का आयात किया था और जिसे इसकी डिलीवरी लेनी थी, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए जब्त किए गए जानवरों को वन विभाग को सौंप दिया जाएगा. जांच के दौरान देखा गया कि ट्रे के नीचे रखे कुछ पैकेजों में कछुए, छिपकली और सापों की प्रजातियां थी.

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 2

सम्पादकीय

अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस

2022 का लक्ष्य है: "2030 तक लोगों के लिए बहु-खतरनाक प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों और आपदा जोखिम की जानकारी और आकलन की उपलब्धता और पहुंच में पर्याप्त वृद्धि करना"। प्राकृतिक आपदा निवारण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस 10 अक्टूबर को प्राकृतिक आपदा के बारे में जागरूकता फैलाने और इस संकट को प्रबंधित करने के विभिन्न तरीकों के साथ मनाया जाता है। प्राकृतिक आपदाएं दुनिया के लगभग सभी देशों में होती हैं और यह जिंदगी के अस्तित्व में आने के बाद से मानव जाति के लिए एक आम बात है। प्राकृतिक आपदाओं में तूफान, भूकंप, चक्रवात, हिमस्खलन और सुनामी शामिल हैं। इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर प्रीपेयरडनेस एंड रिस्पांस 1962 में स्थापित एक संगठन है। यह एक गैर लाभकारी संगठन है जिसमें स्वयंसेवक, पेशेवर और संगठन शामिल हैं जो आपातकाल तैयारी की योजनाओं के साथ सक्रिय है। यह संगठन पेशेवर नेटवर्किंग, संसाधन वितरण और आपदाओं के जवाब में प्रमुख अवसर प्रदान करता है। इस संगठन को काम करते हुए अब तक 4 दशक से भी अधिक समय हो चुका है और इसने प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ एक कौशल रक्षा प्रणाली का निर्माण करने का कार्य भी किया है। राष्ट्रीय आपदा के निवारण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस की शुरूआत वर्ष 2009 से शुरू हुई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अक्टूबर के दूसरे बुधवार को प्राकृतिक आपदा को कम करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का पालन करने का निर्णय लिया। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64 /200 रिजॉल्यूशन, जो 21 दिसंबर 2009 को पारित किया गया था, से दूसरे बुधवार के एक क्लॉज में संशोधन किया गया और एक निश्चित तारीख हर साल की 13 अक्टूबर को प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने के लिए तय की गई। इस दिवस लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ाने और उन्हें दुनिया भर में आपदाओं के खतरे को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करना था। आपदा न्यूनीकरण के तीसरे विश्व सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र को उन लोगों द्वारा की गई लापरवाही से अवगत कराना था जिनसे पिछले साल की तुलना में अधिक संख्या में आपदा से संबंधित मौत हुई थी। इस ऐतिहासिक दिन का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्राकृतिक आपदा, उनकी विभिन्न श्रेणियों, उनके परिणामों और प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक मंच है। इस दिन प्राकृतिक आपदाओं के बारे में ज्ञान फैलाने के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि सभी प्रकार की घटनाओं के लिए सभी को तैयार किया जा सके। यह दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दुनिया में सभी लोगों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देता है। इससे पहले कि वे किसी भी प्रकार की आपदा का शिकार बने यह उस आपदा को भी दूर करने पर जोर देता है। इससे सभी लोगों को ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की घटना के साथ मानव जाति के जोखिम के बारे में शिक्षा मिलती है। भारत एक बड़ा देश है और देश की आबादी का उपयोग सकारात्मक आपदा और आपदा प्रबंधन के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए किया गया है। इस देश का योगदान बाकी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में आपदाओं की घटना अपेक्षाकृत बाकी देशों से अधिक है लेकिन आपदाओं से निपटने की गति बेहद धीमी है। अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण दिवस पर पूरी आबादी सभी पीढ़ियों के लोगों को इस संघर्ष में शामिल होने के लिए लोगों को खुद असली पर्यावरण खतरों से अवगत कराने और उन अभियानों के एजेंट बनने के लिए भी एक दृष्टिकोण अपनाती है।

सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल सकती है बशर्ते...!

लेखक- ऋतुपर्ण दवे /ईएमएस

भारतीय शिक्षा व्यवस्था उसमें भी खासकर सरकारी तंत्र के अधीन संचालित शिक्षण संस्थाएँ आज भी उस मुकाम पर नहीं पहुँच सकीं जिसकी उम्मीद थी। जिनके लिए और जिनके सहारे सारी कवायद हो रही है वहीं महज रस्म अदायगी करते हुए तमाम सरकारी फरमान एक दूसरे तक इस डिजिटल दौर में फॉरवर्ड कर खाना पूर्ति करते नजर आते हैं। ऐसी तमाम कोशिशों, योजनाओं के बावजूद मौजूदा हालात देख जल्द कुछ अच्छे सुधार की उम्मीद बेमानी है। सबसे ज्यादा बदहाल सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाएँ है। सच तो यह है कि भारत में पूरी शिक्षा व्यवस्था यानी बुनियादी से लेकर व्यावसायिक तक बाजारवाद में जकड़ी हुई है। इसी चलते जहाँ निजी या कहें कि आज के दौर के धन कुबेरों या बड़े कॉर्पोरेट घरानों के स्कूल जो फाइव स्टार सी चमक दिखाकर रईसों में लोकप्रिय हैं तो वहीं मध्यमवर्गीय लोगों की पसंद के अपनी खास चमक-दमक, लुभावनी वर्दी, कंधों पर भारी भरकम स्कूल बैग और कई आडंबरों वाले हजारों निजी स्कूल देश की बड़ी आबादी की अच्छी खासी जेब ढ़ीली कर रहे हैं। अंत में बचते हैं साधारण, गरीब व बेहद गरीब तबके के लोग जिनके लिए सिवाय सरकारी स्कूलों के और कोई रास्ता ही नहीं बचता। ऐसे अधिकाँश सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी, एक शिक्षक के भरोसे पूरी स्कूल, सँसाधनों की कमीं, बिल्डिंग का रोना और समय की मनमानी का खुला खेल चलता है। नीतियाँ चाहें जितनी बन जाएँ लेकिन सरकारी स्कूलों में चल रही रीतियाँ बदले बिना सुधार दिखता नहीं। एक बड़ा सच यह भी कि प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले बेहद अच्छी पगार और ढ़ेरों सुविधाओं तथा स्कूली व्यवस्थाओं के लिए कई तरह के फण्ड से हजारों रुपए सालाना खर्चने के बाद भी जर्जर और दयनीय सी दिखने वाली स्थिति के स्कूल कब और कैसे सुधरेंगे बड़ा सवाल है? शायद इसीलिए लगभग हर प्रदेश के शहरों से गाँवों तक के प्रायमरी से लेकर हायर सेकेण्डरी स्कूलों के लिए भारी भरकम बजट पूरा का पूरा खर्चा जाता है, बावजूद उसके स्कूल बिल्डिंग की हालत देखते ही सामने वाला समझ जाता है कि यही इलाके का सरकारी स्कूल है। कोई दो राय नहीं कि देश में सबसे ज्यादा बदहाल सरकारी स्कूले ही हैं। सोचनीय है कि जब नींव ही कमजोर होगी तो आगे क्या होगा या होता होगा? शायद इसीलिए नकल की बीमारी, दादागिरी या संगठित शिक्षा माफिया तेजी से पनपते हैं जिसके केन्द्र बिन्दु में सरकारी स्कूल ही होते हैं। ऐसे हालातों के बावजूद प्रतिभाओं की कमीं नहीं है और कई संस्थाएं देश का नाम रौशन कर रही हैं। हाल ही में क्वाक्वेरेली साइमंड्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी जो दुनियाभर के विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की रैंकिंग जारी करती है ने 2022 में विषय वार सूची में आईआईएससी बेंगलुरु, आईआईटी दिल्ली, मद्रास और बॉम्बे को विश्व के 100 शीर्ष संस्थानों तथा 35 कार्यक्रमों को विश्व रैंकिंग में जगह दी। यकीनन यह सुखद और उपलब्धिपूर्ण है वह भी तब, जब देश की 80 से 90 फीसदी सरकारी स्कूलों में प्रायमरी से लेकर हायर सेकेण्डरी की तमाम व्यवस्थाएँ भगवान भरोसे हैं। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बीच इसी खाई से पढ़ाई अमीरों के लिए शिक्षा तो गरीबों के लिए साक्षरता के बीच के पेण्डुलम से ज्यादा कुछ नहीं होती। हमें 2018 की विश्व विकास रपट यानी वर्ल्ड डेवलपमेण्ट रिपोर्ट देखना चाहिए जिसमें लर्निंग टू रियलाइज एजुकेशंस प्रॉमिस में भारत में तीसरी कक्षा के तीन चौथाई विद्यार्थी दो अंकों को घटाने वाले सवाल हल नहीं कर पाए और पाँचवीं कक्षा के आधे विद्यार्थी ऐसा नहीं कर सके। साफ है अधिकांश विद्यार्थी पठन दक्षता के न्यूनतम स्तर पर थे। यदि सरकारी नीतियों के चलते यही आगे बने रहेंगे तो प्राइवेट स्कूलों के साधन संपन्न विद्यार्थियों की तुलना में इनका स्तर हमेशा न्यूनतम ही रहेगा। ऐसे में गुणवत्ता की बात करना ही बेमानी है। यही कारण है कि गरीब परिवारों से आने वाले बच्चों का औसत प्रदर्शन अमीर परिवारों से आने वाले बच्चों की तुलना में कम होता है। एक चौंकाने वाली बात भी इसी रिपोर्ट 2018 की है। जिसमें कहा गया है कि भारत के 1300 गांवों में प्राथमिक विद्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान 24 प्रतिशत शिक्षक गायब मिले। इसी बीच कोरोना आ गया और दो सत्र कक्षाएँ बन्द रहीं। लंबे समय तक स्कूल बंदी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। इस बीच सरकारी घोषणा हुई कि 'एक कक्षा, एक टीवी चैनल' योजना का विस्तार होगा। शायद कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई के नतीजों से ऐसा ख्याल आया हो। जब सरकार को स्कूलों पर बजट बढ़ाना था और नए जोश और तौर तरीकों से संचालन कराने की रणनीति बनाना था तो टीवी से पढ़ाई की बात कर बजट कटौती की कोशिश तो नहीं? इस सच को स्वीकारना होगा कि दुनिया ने ऑनलाइन और डिजिटल एजूकेशन के परिणाम और दुष्परिणाम दोनों ही देख लिए हैं। विडंबना कहें या सच्चाई, सरकारी शिक्षक की पगार की तुलना में बेहद कम में प्राइवेट स्कूल लगातार बहुत अच्छे नतीजे देते सकते हैं तो अपनी इस कमीं या खामीं को सरकारें क्यों अनदेखा करती हैं? हर शिक्षक में नवाचार की संभावनाएं होती हैं लेकिन व्यव्हारिक रूप से सरकारी शिक्षक इस पर ध्यान न देकर केवल बच्चों की परीक्षा पास कराने का जरिया से ज्यादा कुछ नहीं बनते। यही बड़ी चूक है। गाँवों व कस्बों के ज्यादातर स्कूल शिक्षक विहीन होते हैं तो कस्बों, शहरों में जुगाड़ के दम पर एक ही विषय के कई-कई पोस्टेड हो जाते हैं। फजीर्वाड़ा कर अन्य विषय के शिक्षक खाली जगहों पर जा धमकते हैं। नीति आयोग की विद्यालयीन शिक्षा गुणवत्ता सूचक (एसईक्यूआई) की पहली रिपोर्ट ही बताती है कि बिहार में 80, झारखण्ड में 76, तेलंगाना में 65, मप्र में 62 प्रतिशत तो छत्तीसगढ़ में 46 प्रतिशत स्कूल प्राचार्य विहीन थे। अब तक तो स्थिति और भी बदतर हो चुकी होगी। अपात्र शिक्षकों के कंधों पर प्रधानाचार्य बोझ डाल कागजों में गोपाल गाँठ बिठायी जाती है। आलम यह है कि वरिष्ठ शिक्षक तो छोड़िए कहीं माध्यमिक तो कहीं प्राथमिक या संविदा या अतिथि शिक्षक ही एक नहीं कई जगह संस्था प्रमुख बन जाते हैं जो बाबू से लेकर दफ्तरी तक का काम करते हैं। सवाल यही कि ये पढ़ाएँगे कब और कैसे? सरकारी स्कूलों में हर महीने भारी भरकम धनराशि तो खर्च होती है। देश के छोटे से छोटे विकास खण्ड में लाखों खर्चे जाते हैं बावजूद इसके शिक्षा का स्तर नहीं सुधरता। वहीं सरकारी के मुकाबले आधे से भी कम पगार में उसी क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल बेहतर नतीजे कैसे देते हैं? एक बड़ा सच यह भी कि सरकारी स्कूलों से निकले ज्यादातर बच्चे मिडिल, हाई और हायर सेकेण्डरी तक पहुँचते-पहुँचते प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले फिसड्डी रहते हैं। सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षकों के पगार के अन्तर के मुकाबले गुणवत्ता का यह भेद खुद ही सच उगलने काफी है। हाँ, थोड़े से प्रयासों और जरा सी धनराशि से मौजूदा सरकारी स्कूलों का सिस्टम सुधर सकता है। महज एक पक्के सरकारी शिक्षक की मासिक पगार के खर्च जितने में उस पूरे स्कूल का कायाकल्प और लगातार निगरानी हो सकती है। करना इतना होगा कि स्कूलों में सीसीटीवी अनिवार्य हों जो प्रत्येक कक्षा, कार्यालय, प्रवेश द्वार व जरूरत वाले स्थानों पर लगे। शर्त इतनी वर्चुअली रात-दिन चालू रहें और कैमरों का रिकॉर्ड रखने की जवाबदारी तय हो तथा सारे कैमरे ब्लॉक से लेकर प्रदेश और देश के संबंधित विभागों से सीधे जुड़ें जिससे कहीं से भी कोई जिम्मेदार एक्सेस कर सके। इनमें मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री दफ्तर तक शामिल हो। बस देखिए इस औचक निरीक्षण प्रणाली के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। कैसे मनमानी पोस्टिंग, कहीं शिक्षकों की जबरदस्त कमीं तो कहीं भरमार का खेला खत्म होता है। मध्यान्ह भोजन, साइकिल, लैपटॉप, पुस्तक, वर्दी, वजीफा आदि में हर महीने करोड़ों खर्च होते हैं वहीं जरा से खर्च पर आल इज वेल एण्ड आल विल बी वेल को अंजाम दिया जा सकता है। यदि भारत को दोबारा विश्वगुरू बनाने का सपना सच करना है तो डिजिटल क्रान्ति के जरिए अपने लाचार सरकारी स्कूलों के सिस्टम को सुधारने का तकनीकी गुर अपनाना होगा ताकि पानी की तरह बह रहे पैसों का सदुपयोग हो सके और सरकारी शिक्षा में सुधार, बढ़ते बाजारवाद को रोकने की नई क्रान्ति से दूसरे देशों के लिए भी मिशाल बन सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

भारत के हजार टुकड़ों की तैयारी

अब तक भारत में जिन अनुसूचित जातियों और जन-जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाता रहा है, अब उनकी संख्या बढ़ाने की मांग हो रही है। अदालत में कई याचिकाएं भी लगी हुई हैं। संविधान सभा में पहले सिर्फ उन्हीं अनुसूचितों को आरक्षण मिला हुआ था, जो अपने आप को हिंदू मानते थे लेकिन 1956 में सिखों और 1990 में बौद्ध अनुसूचितों को भी इस जमात में जोड़ लिया गया। हालांकि गौतम बुद्ध और गुरु नानक अपने अनुयायियों को जातिभेद से दूर रहने का उपदेश देते रहे लेकिन थोक वोटों के लालच में फंसकर नेताओं ने धर्म को भी जाति के पांव तले ठेल दिया। आश्चर्य है कि उन अ-हिंदू धर्मावलंबियों ने उनके इस धर्म विरोधी कृत्य को सहर्ष स्वीकार कर लिया। अब उन्हीं की देखादेखी हमारे मुसलमान, ईसाई और यहूदी भी मांग कर रहे हैं कि उनमें जो अनुसूचित हैं और पिछड़े हैं, उन्हें भी सरकारी आरक्षण दिया जाए। मोदी सरकार अपने आप को परम राष्ट्रवादी कहती है लेकिन वह भी कांग्रेसियों और समाजवादियों की तरह देश को जातिवाद की भट्ठी में झोंकने के लिए तैयार हो गई है। उसने एक आयोग की घोषणा की है, जो काफी खोज-बीन के आधार पर यह तय करेगा कि मुसलमान, ईसाई और यहूदी लोगों को कभी भूतपूर्व पसमांदा, अछूत या दलित हिंदू रहे हैं, उन्हें भी आरक्षण दिया जाए या नहीं? इस आयोग के सदस्य लोग काफी अनुभवी और योग्य हैं लेकिन कह नहीं सकते कि वे क्या सुझाव देंगे। मेरी समझ यह है कि काणी के ब्याव में सौ-सौ जोखिमह्न हैं। जातीय आरक्षण ने पहले ही देश में अयोग्यता और भ्रष्टाचार को बढ़ा रखा है। दूसरा, उनमें जो एकाध प्रतिशत मलाईदार लोग हैं, वे ही सारी नौकरियों पर कब्जा कर लेते हैं। असली गरीब लोग ताकते रह जाते हैं। तीसरा, यदि इसमें नए धर्मों को भी जोड़ लिया गया तो जैनों ने कौनसा अपराध किया है? दक्षिण भारत के सैकड़ों जैन-परिवारों को मैं जानता हूं, जो जैन बनने के पहले वंचित और अस्पृश्य हिंदू थे।

चिकित्सा सेवाओं के लिए भारत में बेहतर अवसर



लेखक - सनत जैन /ईएमएस

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत में टूरिज्म हब का प्रस्ताव तैयार किया है। भारत सरकार पर्यटन विभाग की तरह भारत मे मेडिकल चिकित्सा के क्षेत्र में जो सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पतालों की स्थिति और कम खर्च में योग्य चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सुविधाउपलब्ध कराने का प्रचार-प्रसार 61 देशों में करके भारत को मेडिकल हब के लिए सुनियोजित कार्य योजना तैयार की है। कोरोना के बाद से दुनिया के अधिकांश देशों की चिकित्सा सुविधाएं गड़बड़ा गई हैं। इसमें विकसित और अति विकासशील देश भी शामिल हैं। बहुत तेजी के साथ मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन उस अनुपात में, ना तो वहां पर चिकित्सक उपलब्ध हैं, और ना ही उनके पास अस्पताल है। उन देशों की चिकित्सा का खर्च भारतीय चिकित्सा की तुलना में 8 से 10 गुना ज्यादा महंगा है। महीनों इंतजार करने के बाद भी मरीजों को डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। श्रेष्ठतम अस्पताल और अनुभवी फिजीशियन, सर्जन, और अनुभवी डॉक्टर भारत में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी तुलना में विदेशों में 8 से 10 गुना ज्यादा खर्च करने के बाद भी वहां के मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। भारत सरकार ने हाल ही में जो सर्वे किया है। उसके अनुसार भारत से लगे हुए 61 देशों की चिकित्सा सुविधा बहुत महंगी है। उसकी तुलना में भारत के अस्पतालों में काफी कम कीमत पर उनका इलाज संभव है। भारत के अच्छे अस्पतालों में विदेशी मरीजों को भर्ती करने और उनके इलाज करने की क्षमता बनी हुई है। ऐसी स्थिति में सुनियोजित रूप से विदेशों से आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के ठहरने और मरीज के इलाजके लिए अस्पतालों के बारे में बेहतर जानकारी, डॉक्टरों की विशेषज्ञता, उनके अनुभव इत्यादि का प्रचार प्रसार किया जाता है। इस स्थिति में भारत को चिकित्सा व्यवसाय से विदेशी मुद्रा अर्जित होगी। वही रोजगार और नौकरी के अवसर भी भारत में बढ़ेंगे। भारत सरकार ने अभी 12 राज्यों के 17 शहरों के प्रमुख अस्पताल की सूची तैयार की है। इसके अतिरिक्त भारत से लगे हुए कई ऐसे गरीब देश हैं। जहाँ पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में भारत में चिकित्सा हब को बेहतर तरीके से प्रचार प्रसार करने पर, हर साल विदेशों से मरीज, भारत में इलाज चला सकते हैं। पिछले वर्षों में बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेजऔड्ड पैरामेडिकल कॉलेज खुले हैं। आसपास के देशों के लोग यहां पर आकर सस्ता इलाज करा सकते हैं। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करके, ऐसी नीति बनानी होगी। जिससे विदेश के मरीज भारत में आकर इलाज करा सकें। इससे भारत में विदेशी मुद्रा तो आएगी ही, इसके साथ-साथ रोजगार और नौकरियों के अवसर भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे।

अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं। भाग्य यदि कभी कुछ करता होगा तो निश्चय ही उसे पहले मनुष्य की मनोरुचि में ही प्रवेश करना पड़ता होगा, जिसकी अंतःगतिविधियां सही दिशा में चलने लगीं हैं। किंतु जिसका मानसिक स्तर चंचलता, अवसाद, अवास, आलस्य, आवेश, दैन्य आदि से दूषित हो रहा है, उसके लिए अच्छी परिस्थितियां और अच्छे साधन उपलब्ध होने पर भी दुर्गति का ही सामना करना पड़ेगा।

प्रसंगतः

दिखावटीपन से बचें

एक व्यक्ति को किसी बड़े पद पर नौकरी मिल गयी। वह इस नौकरी से खुद को और बड़ा समझने लगा, लेकिन वह कभी भी खुद को बड़े पद के मुताबिक़ नहीं ढाल सका। एक दिन वह अपने ऑफिस में बैठा था, तभी बाहर से उसके दरवाजे को खटखटाने की आवाज आई। खुद को बहुत व्यस्त दिखाने के लिए उसनें टेबल पर रखे टेलीफोन को उठा लिया और जो व्यक्ति दरवाजे के बाहर खड़ा था उसे अन्दर आने के लिए कहा। वह अन्दर आकर इंतजार करने लगा, इस बीच कुर्सी पर बैठा अधिकारी फ़ोन पर चिल्ला-चिल्ला कर बात कर रहा था। बीच-बीच में वह फोन पर कहता, कि मुझे वह काम जल्दी करके देना, टेलीफोन पर अपनी बातों को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा था। ऐसे ही कुछ मिनट तक बात करने के बाद उस आदमी ने फ़ोन रखा और सामने वाले व्यक्ति से उसके ऑफिस आने की वजह पूछी। उस आदमी ने अधिकारी को जवाब देते हुए कहा, ''सर, मुझे बताया गया था कि 3 दिनों से आपके इस ऑफिस का टेलीफ़ोन ख़राब है और मैं इस टेलीफ़ोन को ठीक करने के लिए आया हूँ।'' हमें कभी भी दिखावा नहीं करनी चाहिए। हम दिखावा करके क्या साबित करना चाहते हैं, इससे हम कभी भी कुछ हासिल नहीं कर सकते, हमें किसी के सामने झूठ बोलने की क्या जरुरत! दिखावा करके हम खुद की नजरों में कभी भी ऊपर नहीं उठ सकते। दिखावा करने से बचिए क्योंकि इससे लोग पीठ पीछे आपकी ही बुराई करेंगे। मुखौटा मत लगायें।

धनुष न बाण, छिनी कमान



लेखक-मुकुंद (ईएमएस)

आखिरकार भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के अंधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए आगामी उपचुनाव में शिवसेना के चुनाव चिह्न धनुष-बाण के उपयोग पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इसलिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समूह और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे समूह के उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्न से चुनाव मैदान में होगें। अब इन दोनों समूहों को चुनाव आयोग से अधिसूचित मुक्त प्रतीकों की सूची में से अलग-अलग चुनाव चिह्न का चयन करना होगा। यह ठाकरे परिवार खासतौर पर उद्धव ठाकरे के लिए जहर के घूंट पीना जैसा है। हालांकि शिवसेना के ठाकरे धड़े ने आयोग से पार्टी के 10 से 15 लाख प्राथमिक सदस्यता आवेदन जमा करने के लिए चार सप्ताह की अवधि मांगी थी। चुनाव चिह्न 'धनुष बाण' पर अपना पक्ष भी रखा था। मगर उसे राहत नहीं मिली। उद्धव ठाकरे को मिले इस झटके को एकनाथ शिंदे के गुट के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है। इस गुट ने धनुष-बाण पर दावा करते हुए आयोग को पत्र लिखा था। इसके बाद ही यह सारा झमेला खड़ा हुआ। ...और अब मातोश्री की उदासी स्वाभाविक है। शिवसेना के संस्थापक स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे (बाल ठाकरे) की आत्मा भी इससे दुखी हुई होगी। बाला साहेब ठाकरे का पूरा नाम बाल केशव ठाकरे था। कट्टर हिंदू नेता की छवि पा चुके बाल ठाकरे ने अपनी पार्टी शिव सेना का गठन किया। वह शुरूआत में मशहूर कार्टूनिस्ट थे और बाद में अपना खुद का अखबार सामना निकला। इन्हें हिंदू हृदय सम्राट भी कहा जाता है। यह भी काबिले जिक्र है कि 28 जुलाई, 1999 को भारतीय निर्वाचन आयोग ने बाल ठाकरे को नफरत और डर की राजनीति करने के कारण वोट डालने और चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई। लगातार छह साल राजनीति से दूर रहने के बाद बाल ठाकरे ने 2005 में मतदान किया था। खास बात यह है कि बाल ठाकरे ने अपने पूरे जीवन में कभी भी चुनाव नही लड़ा और न ही कोई राजनीतिक पद प्राप्त किया। मगर महाराष्ट्र की राजनीति में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। और उद्धव ठाकरे उनकी शिवसेना को नहीं संभाल पाए। महाराष्ट्र की सियासत में शिवसेना का कुछ महीने पहले तक अपना एक वजूद रहा है। इसे बगावत के बाद एकनाथ शिंदे ने तोड़ दिया है। बड़ी बात यह है कि किसी भी पार्टी की पहचान उसका चुनाव चिह्न होता है। शिवसेना लंबे समय से धनुष-बाण पर ही चुनाव लड़ती आई है। यह पहला मौका होगा जब उसके सिपहसलारों को किसी दूसरे चुनाव चिह्न पर मैदान पर उतरने को विवश होना होगा। आज बाल ठाकरे की शिवसेना को ऐसे दिन देखने पड़ेगें, यह किसी ने भी कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा। हाल ही में एकनाथ शिंदे की बीकेसी मैदान में हुई दशहरा रैली का दृश्य ज्यादा पुराना नहीं है। यहां मंच पर 51 फीट की तलवार की पूजा हुई थी। माना जा रहा है शिंदे गुट चुनाव चिह्न के तौर पर तलवार का चयन कर सकता है। ठीक इससे उलट शिवाजी पार्क में उद्धव ठाकरे की दशहरा रैली के मंच पर बाघ की तस्वीर थी। लिहाजा यह कहा जा रहा है कि ठाकरे गुट इसे अपना चुनाव चिह्न बना सकता है। जून 1966 में अपने स्थापना काल से शिवसेना अब तक के चुनाव सफर में कई चिह्न का प्रयोग कर चुकी है। इनमें रेल इंजन, पेड़ और ढाल-तलवार शामिल हैं। साल 1989 में चार सांसदों के लोकसभा पहुंचने के बाद शिवसेना को मौजूदा 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न मिला था। शिवसेना ने 1968 में मुंबई नगर निगम का चुनाव ढाल और तलवार चिह्न पर लड़ा था। साल 1978 का चुनाव शिवसेना ने रेल इंजन के निशान पर लड़ा था। 1985 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना उम्मीदवार टॉर्च, बैट-बॉल जैसे चिह्न लेकर मैदान में उतरे थे। 8 जुलाई को उद्धव ठाकरे ने मातोश्री में पत्रकारों से बातचीत में भरोसे के साथ कहा था कि उनकी शिवसेना का चुनाव चिह्न 'धनुष-बाण' कोई नहीं छीन सकता। मगर अब तो वह छिन चुका है। उद्धव ठाकरे को उम्मीद नहीं रही होगी कि चार माह में सबकुछ बदल जाएगा। हालांकि यह लड़ाई कानून की चौखट पर जा सकती है, उसका हासिल क्या होगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 3

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा- 18 महीने में करवाएंगे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुद्वारा नाडा साहिब में की अरदास

चंडीगढ़, (हि.स.)। पंचकूला स्थित गुरुद्वारा नाडा साहिब में चल रहे अखंड पाठ का रविवार को भोग डाला गया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुद्वारा साहिब में अरदास की और मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने भारी संख्या में मौजूद संगत को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने सिखों की भावनाओं की कद्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा में अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के केस की अच्छे से पैरवी की। इसी का नतीजा रहा कि फैसला हरियाणा की सिख संगत के पक्ष में आया। इससे पंथ की एकता को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकाल तख्त आज भी सर्वोच्च संस्था है, लेकिन जो अलग-अलग जगह गुरुद्वारे बने हैं वहां की व्यवस्था के लिए स्थानीय कमेटियां होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की व्यवस्था अलग बनाने से हमारी पंथ एकता के बीच कोई बाधा नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब नांदेड़ साहिब, पटना साहिब व दिल्ली राज्य की अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बन सकती हैं तो हरियाणा की क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि ये केवल शासन और प्रबंध व्यवस्था के लिए है। धार्मिक व्यवस्था सुप्रीम होती है, सरकार की उसमें कोई दखलंदाजी नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 18 महीने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव करवाएंगे तब तक एडहॉक कमेटी व्यवस्था देखेगी। चुनाव में समाज जिसे चुनेगा उसे कमेटी की कमान दी जाएगी, इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा और चुनाव के बाद एडहॉक कमेटी अपना कामकाज नई चुनी हुई कमेटी को सुपुर्द कर देगी। उन्होंने कहा कि पंचकूला में एचएसआईडीसी का प्लॉट नाडा साहिब गुरुद्वारा को देने की बात चल रही है। जल्द ही इस बारे अंतिम फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से अपने हाथ में प्रबंधन की ताकत मिली है। उस ताकत का बखूबी इस्तेमाल करते हुए बिना किसी भेदभाव के समाज हित में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा कि पूरा सिख समाज एकता व भाईचारे की भावना से एकजुट होकर चलेगा और समाज हित में बेहतरीन कार्य करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार की ओर से सिख समाज को पूरा सहयोग मिलेगा, सभी मिलकर समाज का भला करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने दिलवाया प्रदेश के युवाओं को नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण: दिग्विजय चौटाला

कुरुक्षेत्र, (हि.स.)। जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि डा. अजय सिंह चौटाला ने एक बैठक में कहा था कि हमारी पार्टी की पहचान है लोगों के बीच में रहना। चौधरी देवीलाल जी यही सिखाकर गए कि कभी कलम की ताकत आए तो लोगों के बीच जाओ। लोगों को आपके पास आने की जरूरत ना पड़े। इसलिए राज्यमंत्री अनूप धानक व मेरी ड्यूटी 90 हल्कों में गांव-गांव जाने की लगाई है। वे गांव रामपुरा के राजकीय प्राथमिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर दिग्विजय चौटाला ने कहा कि ताऊ देवीलाल का सपना था कि लोगों की समस्याओं को उनके घर द्वार जाकर ही दूर किया जाए, इसलिए वह गांव गांव में जनसंपर्क कर के लोगों की समस्याएं जान रहे हैं। जिससे उन समस्याओं का हल मौके पर किया जा सके। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण

की बात उठाने वाले केवल दुष्यंत चौटाला ही हैं तथा महिलाओं को पंचायतों में 50 प्रतिशत की भागीदारी सुरक्षित करने की बात दुष्यंत चौटाला की ही देन है। इतना ही नहीं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए दुष्यंत चौटाला ने ही 33 प्रतिशत अनाज वितरण के लिए डिपो महिलाओं को देने का वादा पूरा किया है तथा उनका प्रयास है कि बुजुर्गों की पेंशन भी 5100 रुपए 2024 तक देनी सुरक्षित हो। दिवाली तक भी बुजुर्गों की पेंशन में इजाफा होगा। दिग्विजय चौटाला ने सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि जहां प्रदेश में विदेशी निवेश बढ़ा है, वहीं दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से ही कई ऐसी औद्योगिक इकाइयां भी प्रदेश में वापस आ गई हैं, जो कांग्रेस के समय में छोड़ कर चली गई थी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पंचायती चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर लडऩा है या अकेले यह पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक के पश्चात तय होगा। इस मौके पर राजयमंत्री अनूप धानक व जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने ग्रामीणों की समस्याऐं सूनी और मौके पर ही समस्याओं का निवारण किया। इस मौके पर लागों द्वारा क्षेत्र की टूटी हुई सडकों को दरूस्त करवाने की मांग की गई और राज्यमंत्री अनूप धानक व जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने जल्द ही इन सडकों का कायाकल्प करवाने का आश्वासन दिया।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया नंबरदारों की मांगों के समर्थन का ऐलान

चंडीगढ़, (हि.स.)। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नंबरदारों की मांगों के समर्थन का ऐलान किया है। हुड्डा का कहना है कि नंबरदार लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे पहली और महत्वपूर्ण इकाई होता है। यह सरकार और गांव के बीच पुल का कार्य करती है, लेकिन सरकार नंबरदारों के पद और सम्मान को खत्म करना चाहती है। इसलिए भाजपा-जजपा सरकार ने नंबरदार की मृत्यु होने पर नई नियुक्ति पर रोक लगाने का ऐलान किया। इतना ही नहीं 70 साल से ज्यादा उम्र के नंबरदारों को लगातार सेवा मुक्त किया जा रहा है। नंबरदारों की नियुक्ति को भी सरकार ने बंद कर रखा है। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया था और नंबरदारों की नियुक्ति की मांग उठाई थी। लेकिन

सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। इस वजह से आज प्रदेश के तमाम नंबरदारों में रोष व्याप्त है। सरकार के खिलाफ नंबरदारों ने आदमपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भी किया है लेकिन सरकार अपने अड़ियल रवैए पर बनी हुई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान नंबरदारों के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए गए थे। कांग्रेस सरकार ने ही उनके सम्मान भत्ते की शुरूआत की थी। लेकिन भाजपा-जजपा सरकार इसे खत्म करने पर उतारू है। हुड्डा ने ऐलान किया कि मौजूदा सरकार ने नंबरदारों की मांगों को नहीं माना तो प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा।

बारिश के पानी में डूबकर बाइक सवार की मौत

फरीदाबाद, (हि.स.)। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच फरीदाबाद के कई इलाकों में मुख्य सडकों से लेकर गली-मोहल्ले के रास्ते जलमग्न हो चुके हैं। इसी बीच फरीदाबाद में सडक पर लगे पानी में डूबकर एक व्यक्ति की मौत की हैरान करने वाला मामला सामने आया। रविवार व्यक्ति की लाश पानी में उफनता मिला, जिसके बाद इलाके में हडकंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर में उपेंद्र किराए के मकान में रहते थे। शनिवार रात वह बाइक लेकर घर से निकले थे। रविवार सुबह सेक्टर 21 सी में उनका शव पानी में तैरता मिला। उनकी बाइक पास में ही पड़ी थी। अनुमान है कि सडक पर पानी भरे होने के कारण उपेंद्र बाइक सहित गिर पड़े और इसके बाद उठ नहीं पाए। अंधेरा होने के कारण किसी

ने उन्हें नहीं देखा और पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल में रखवाया है। सूरजकुंड थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि शहर की सडकें पहले से ही बहुत बुरी हालत में है। बारिश के दौरान इन सडकों पर चलना मुश्किल हो जाता है। दो दिनों से लगातार वर्षा के बाद यह सडकें अब जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो रही है। खासकर दो पहिये वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को नहीं आने दी जाएगी मंडियों में कोई दिक्कत: अनूप धानक

कुरुक्षेत्र, (हि.स.)। राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा कि धान के सीजन में किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मंडियों में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इस सीजन में एजेंसियों अच्छी मात्रा में खरीद कर रही है जिससे किसी को कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। राज्यमंत्री अनूप धानक रविवार को बाबैन अनाजमंडी में धान की खरीद का औचक निरीक्षण करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि मंडी में धान की खरीद का कार्य रुकने नहीं दिया जाएगा और किसानों की फसल की जल्द से जल्द खरीद की जा रही है और सरकार द्वारा निर्धारित समय अवधि में फसल का भुगतान भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों व मजदूरों को मंडियों में शौचालयों, पीने के पानी, बिजली सहित अन्य सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला स्वयं प्रदेश में फसल के खरीद कार्य पर नजर रखे हुए है इसलिए प्रदेश की किसी भी मंडी में किसानों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल का एक एक दाना खरीदा जाएगा सभी मंडीयों में धान की आवक जारों पर है इसलिए कुछ दिनों में सभी कार्य सही तरीके से चल जाएगें। इस मौके पर जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, जजपा के लाडवा हल्का प्रधान जोगध्यान लाडवा, मंडी प्रधान हरिकेश सैनी, जसविन्द्र खैहरा, कुलदीप मुल्तानी, संजय सघौर, संदीप लाडा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दशहरे पर हुए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी, आरोपी को भेजा जेल

यमुनानगर, (हि.स.)। थाना शहर की यमुनानगर पुलिस ने मात्र 3 दिन में ब्लाइंड मर्डर को सुलझा लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला पुलिस उप अधीक्षक कमलजीत ने बताया कि थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र में दशहरे वाले दिन बस स्टैंड के पास गली में 48 वर्षीय सुरेश का शव मिला। जिसके सिर पर पत्थर या ईंट से वार कर हत्या की गई थी। पुलिस ने उसकी हत्या का केस दर्ज किया था। मामले में थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना शहर प्रभारी कमलजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हत्या का आरोपी बस स्टैंड के सामने मार्केट में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान बैंक कॉलोनी शिवपुरी-बी निवासी इंद्रजीत के नाम से हुई। उन्होंने बताया कि आजाद नगर कालोनी निवासी सुरेश वैल्डिंग का कार्य करता था। वह अपने भाई वेद के पास रह रहा था। उसके पास दो बेटियां व एक बेटा है, लेकिन उसका पत्नी से मनमुटाव चल रहा था। जिस वजह से पत्नी काफी पहले बच्चों को लेकर जम्मू चली गई थी। मृतक सुरेश व इंद्रजीत दोनों दोस्त हैं। उन्होंने दशहरे वाले दिन शराब पी और इंद्रजीत का किसी व्यक्ति से झगड़ा हो गया। मृतक सुरेश ने बीच-बचाव करा दिया। लेकिन इंद्रजीत ने सुरेश के साथ इस बात को लेकर गाली गलौज की की उसने झगड़े में उसका साथ नहीं दिया।

दशहरे पर हुए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी, आरोपी को भेजा जेल

यमुनानगर, (हि.स.)। थाना शहर की यमुनानगर पुलिस ने मात्र 3 दिन में ब्लाइंड मर्डर को सुलझा लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला पुलिस उप अधीक्षक कमलजीत ने बताया कि थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र में दशहरे वाले दिन बस स्टैंड के पास गली में 48 वर्षीय सुरेश का शव मिला। जिसके सिर पर पत्थर या ईंट से वार कर हत्या की गई थी। पुलिस ने उसकी हत्या का केस दर्ज किया था। मामले में थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना शहर प्रभारी कमलजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हत्या का आरोपी बस स्टैंड के सामने मार्केट में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान बैंक कॉलोनी शिवपुरी-बी निवासी इंद्रजीत के नाम से हुई। उन्होंने बताया कि आजाद नगर कालोनी निवासी सुरेश वैल्डिंग का कार्य करता था। वह अपने भाई वेद के पास रह रहा था। उसके पास दो बेटियां व एक बेटा है, लेकिन उसका पत्नी से मनमुटाव चल रहा था। जिस वजह से पत्नी काफी पहले बच्चों को लेकर जम्मू चली गई थी। मृतक सुरेश व इंद्रजीत दोनों दोस्त हैं। उन्होंने दशहरे वाले दिन शराब पी और इंद्रजीत का किसी व्यक्ति से झगड़ा हो गया। मृतक सुरेश ने बीच-बचाव करा दिया। लेकिन इंद्रजीत ने सुरेश के साथ इस बात को लेकर गाली गलौज की की उसने झगड़े में उसका साथ नहीं दिया।

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 4

भारत और फिलीपींस की नर्सों की मांग विदेशों में

मनीला (ईएमएस)। दुनिया के कई देशों में नर्स और हेल्थ वर्कर्स की मांग बढ़ी है। भारत और फिलीपींस की नर्सों की मांग ज्यादा है। जर्मन ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया अमेरिका फ्रांस बेल्जियम कनाडा चिल्ली चेक गणराज्य सहित दर्जनों देशों में भारत और फिलीपींस की प्रशिक्षित नर्सों की मांग सबसे ज्यादा है। अकेले सिंगापुर में 2030 तक 24000 नर्सों की जरूरत होगी। इसके अलावा दर्जनों देशों में लगभग 3 लाख नर्सों की मांग अगले दो से 3 वर्षों में होगी। कोरोना के बाद सबसे ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों की मांग दुनिया भर के देशों से हो रही है। भारत और फिलीपींस की नर्स अपने काम को अच्छे से अंजाम देती हैं। इसके लिए विदेशों में इनकी मांग ज्यादा है। कई देशों ने इन्हें यात्रा खर्च देने रहने और स्थाई वीजा देने की भी पेशकश की है। भारत से बड़ी संख्या में हेल्थ वर्कर और नर्सों के लिए विदेशों में नौकरी के अच्छे अवसर हैं। भारतीय मुद्रा में 80000 से लेकर 2 लाख रुपए तक का वेतन प्रतिमाह योग्यता अनुसार मिलता है।

ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन के दौरान दो की मौत, नीदरलैंड में समर्थकों की नारेबाजी

- ईरान में हिजाब विरोधियों को कई देशों का मिल रहा है समर्थन

तेहरान, (हि.स.)। ईरान में पुलिस हिरासत में 22 साल की महसा अमीनी की मौत के बाद सरकार विरोधी प्रदर्शन का दौर लगातार चौथे सप्ताह जारी है। विरोध-प्रदर्शन और झड़प के दौरान शनिवार को दो लोगों की मौत हो गई। ईरान में हिजाब विरोधियों को कई देशों का समर्थन मिल रहा है। नीदरलैंड में भी प्रदर्शनकारियों के समर्थन में लोगों ने नारेबाजी की। ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अमीनी को कथित रूप से देश के कड़े इस्लामी ड्रेस कोड के उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लिया था। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और अनिवार्य धार्मिक ड्रेस कोड का विरोध करते हुए अपने हिजाब उतारकर फेंक दिए। कुछ इलाकों में हड़ताल के आह्वान के कारण तथा नुकसान से बचने के लिए व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं। ईरान के सरकारी टीवी को शनिवार शाम समाचार प्रसार के दौरान 15 सेकंड तक हैक कर लिया गया। इस दौरान देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमेनी की फुटेज प्रसारित की गई। हैकरों ने आग की लपटों से घिरी खमेनी की तस्वीर प्रसारित की, जिसके कैप्शन में लिखा था, आपके पंजों से हमारे युवाओं का खून टपक रहा है। अमीनी की मौत के बाद से ही देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई में दर्जनों लोगों के मारे जाने और सैकड़ों लोगों के गिरफ्तार होने का अनुमान है। मानवाधिकार निगरानी संगठनों ने बताया कि कुर्द बहुल उत्तरी क्षेत्र के सनांदज शहर में एक कार सवार व्यक्ति को एक प्रमुख मार्ग पर गोली मार दी गई। फ्रांस स्थित कुर्दिस्तान ह्यूमैन राइट्स नेटवर्क एंड द हेंगाव ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमैन राइट्स ने बताया कि इस व्यक्ति को तब गोली मारी गई जब उसने सड़क पर तैनात सुरक्षाबलों के सामने हॉर्न बजाया। मानवाधिकार निगरानी संगठनों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शहर में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं जिसमें एक अन्य प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और 10 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। राजधानी तेहरान में भी ईरान के प्रमुख शिक्षा केंद्र शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के समीप भी प्रदर्शन हुए, जिसके बाद प्राधिकारियों ने अगले आदेश तक परिसर को बंद कर दिया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों के अनुसार, उत्तर-पूर्वी शहर मशाद में भी प्रदर्शन हुए। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने तेहरान में अल-जहरा विश्वविद्यालय की छात्राओं से मुलाकात में एक बार फिर आरोप लगाया कि प्रदर्शनों को भडकाने में विदेशी शत्रुओं का हाथ है। इस बीच, नीदरलैंड के द हेग में हजारों लोगों ने ईरानी प्रदर्शनकारियों के समर्थन में नारे लगाए।

टॉप अमेरिकी अफसरों की तालिबान के साथ बैठक में इवोर शियरर की रिहाई व अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

वाशिंगटन (ईएमएस)। जुलाई के अंत में अल कायदा सरगना अयमान अल-जवाहिरी को अमेरिकी सैनिकों द्वारा मार गिराए जाने के बाद से बाइडन प्रशासन के टॉप अफसरों ने शनिवार को पहली बार तालिबान के प्रतिनिधिमंडल के साथ आमने-सामने बैठक की। अमेरिका ने तालिबान के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के लिए सीआईए के उप निदेशक डेविड कोहेन और विदेश विभाग के अफगानिस्तान मामलों के प्रभारी अफसर टॉम वेस्ट को कतर की राजधानी दोहा भेजा। जबकि, तालिबान के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उसकी खुफिया इकाई के प्रमुख अब्दुल हक वासीक ने किया। जवाहिरी के मारे जाने के बाद अमेरिका ने तालिबान पर दोहा समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। दोहा समझौते में तय किया गया था कि तालिबान आतंकवादियों को शरण नहीं देगा। जवाहिरी पर एक अमेरिकी ड्रोन से घातक हेलफायर मिसाइल दागे जाने के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने तालिबान के हक्कानी नेटवर्क के नेताओं पर जवाहिरी के ठिकाने के बारे में जानने का आरोप लगाया। तालिबान ने भी अमेरिकी ऑपरेशन में जवाहिरी के मारे जाने की निंदा की थी।

इसके बावजूद अमेरिका ने तालिबान के साथ बातचीत को जारी रखा है, इसमें अमेरिकी नागरिक और फिल्म निमार्ता इवोर शियरर की रिहाई पर बातचीत भी शामिल है। शनिवार को हुई बैठक में सीआईए के उप निदेशक डेविड कोहेन और तालिबान के वासिक की मौजूदगी दोनों पक्षों के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में सहयोग पर जोर देने का संकल्प लिया गया। व्हाइट हाउस ने पिछले महीने कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ तालिबान के साथ सहयोग का कार्य प्रगति पर है। फ्रेरिच को कतर की मदद से करीब तीन हफ्ते पहले रिहा किया गया था।

उसे 2 साल से अधिक समय तक कैद में रहना पड़ा था। एक और अमेरिकी, इवोर शियरर नामक एक फिल्म निमार्ता इस समय तालिबान की कैद में हैं। बहरहाल सीआईए और विदेश विभाग ने इसके बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। कहा जा रहा कि तालिबान अपने तमाम वादों के बावजूद अल कायदा के साथ संबंध बनाए हुए है। फिलहाल वे आईएसआईएस-के के नाम से कुख्यात इस्लामिक स्टेट के हमलों से परेशान हैं। आईएस-आईएस-के अब तालिबान के लिए और सांप्रदायिक स्थिरता के लिए अफगानिस्तान में एक आंतरक खतरा बन गया है।

अपनी ही गलतियों की वजह से यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझते चले गए रूसी राष्ट्रपति पुतिन

मास्को (ईएमएस)। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए आठ माह पूरे होने को हैं। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू मोर्चे पर भारी विरोध के बाद भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस लड़ाई को सही ठहरा रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने यूक्रेन के 4 इलाकों को औपचारिक रूप से रूस में शामिल करने की घोषणा कर दी है, लेकिन इसे पुतिन की 'जीत' के रूप में नहीं देखा जा रहा है। सच यह है कि यूक्रेन में रूसी सेना भारी हताशा का सामना कर रही है। इस जंग में रूसी जनता भी अपने राष्ट्रपति के साथ नहीं है, जिसकी पुष्टि देश छोड़कर आग रहे नागरिक कर रहे हैं। यूक्रेन में पुतिन ने कई बड़ी गलतियां कीं हैं, जिसकी वजह से वह यूक्रेन के साथ जंग में उलझ गए हैं। पुतिन की पहली गलती तो यह थी कि उन्होंने अपनी 'पसंद' के एक लंबे युद्ध के लिए अपनी सेना की तत्परता को आंकने में गलती की। रूस अब एक महंगे और कुछ हद तक 'अपमानजनक' लड़ाई में फंस गया है, जिसमें उसका दुश्मन भले सैन्य रूप से कमजोर दिखाई देता हो, लेकिन उसके इरादे बेहद मजबूत हैं। एक ओर यूक्रेनी अपनी मर्जी से अपने देश के लिए लड़ने और बलिदान के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर रूसी सैनिक अपनी इकाइयों को छोड़कर भाग रहे हैं। पुतिन के आंशिक सैनिकों की लामबंदी के आदेश के बाद भी बड़े पैमाने पर रूसी देश छोड़कर भाग रहे हैं। यूक्रेन की ताकत को लेकर गलतफहमी रूसी राष्ट्रपति की दूसरी सबसे बड़ी गलती थी। रूस को उम्मीद थी कि कीव युद्ध शुरू होने के कुछ ही दिनों में घुटने टेक देगा। उन्होंने यूक्रेन के कब्जे के प्रतिरोध और स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को कम करके आंका। पुतिन का तीसरा सबसे गलत अनुमान नाटो को लेकर था। उन्हें लग रहा था कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण ने नाटो को कमजोर कर दिया है।

भ्रष्टाचार के मामले में गृहमंत्री के विरुद्ध गैर जमानती वारंट

इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में बार-बार तलब किए जाने के बाद भी पेश नहीं होने पर गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया। रावलपिंडी में वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश गुलाम अकबर की अदालत ने यह आदेश जारी किया, क्योंकि अदालत ने महसूस किया कि मामले की जांच के लिए उनकी गिरफ्तारी जरूरी है। इस मामले का संबंध पंजाब के चकवाल जिले के कल्लर कहार इलाके में उन्हें दो संपत्तियां रिश्वत के रूप में दिए जाने से है। आदेश में कहा गया है कि सनाउल्लाह प्राथमिकी में नामजद किए गए हैं और इस मामले में उनकी गिरफ्तारी जरूरी है, इसलिए आरोपी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया जाए। उसमें कहा गया है कि रिकार्ड से पता चलता है कि जांच अधिकारी की दलीलें वास्तविक हैं, इसलिए न्याय के हित में उसे स्वीकार किया जाता है और आरोपी राणा सनाउल्लाह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया जाता है। एक अखबार के अनुसार पंजाब के भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है।

विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि वारंट इसलिए जारी किए गए हैं, क्योंकि सनाउल्लाह बार-बार समन जारी किए जाने के बावजूद भ्रष्टाचार निरोधी जांच में शामिल होने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री को गिरफ्तार करने और जांच के लिए प्रस्तुत करने के वास्ते आदेश जारी किए गए हैं। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री पर कल्लर कहार में बिस्मिल्लाह हाउसिंग स्कीम में अधिसूचित दर से कम दाम पर दो फार्महाउस खरीदने का आरोप है। ये भूखंड उनकी पत्नी को बतौर रिश्वत दिए गए। पाकिस्तान तहरीक -ए-इंसाफ ने ट्वीट किया कि पुलिस दल सनाउल्लाह को गिरफ्तार करने रवाना हो चुका है और वह शीघ्र ही इस्लामाबाद के कोहसर थाने पहुंचेगा। उसने कहा कि नियमों के मुताबिक राणा सनाउल्लाह को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया स्थानीय पुलिस को सूचित करने के साथ शुरू होगी। इस बीच इस्लामाबाद पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि यदि टीम कोहसर थाने पहुंचती है, तो मामले के दस्तावेज उससे लिए जाएंगे। भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान की टीम से अनुपालन के लिए रिकार्ड देने को कहा जाएगा, ताकि कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस बीच सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि सनाउल्लाह की गिरफ्तारी वारंट इमरान खान के डर का दशार्ता है।

ब्रिटेन में व्यापार मंत्री को किया बर्खास्त

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपने व्यापार मंत्री कोनोर बर्न्स के खिलाफ गंभीर कदाचार की शिकायत मिलने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। शिकायत की जांच की जा रही है। इसका मतलब है कि बर्न्स अब जांच पूरी होने तक संसद के एक स्वतंत्र सदस्य रहेंगे। एक प्रवक्ता ने कहा कि गंभीर कदाचार की शिकायत मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने कोनोर बर्न्सको तत्काल प्रभाव से मंत्री पद छोड़ने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस आरोप के बारे में सूचना मिलते ही प्रधानमंत्री ने सीधी कार्रवाई की और स्पष्ट है कि सभी मंत्रियों को व्यवहार के उच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए, जैसा कि जनता उनसे उम्मीद करती है। बर्न्स ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। ट्विटर पर एक बयान में उन्होंने कहा कि उन्हें शिकायत के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है या इस बारे में कोई जानकारी प्रदान करने के लिए नहीं कहा गया है। बर्न्स 2010 से सांसद हैं और पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सरकार में कई मंत्री पदों पर रहे हैं। टोरी व्हिप कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस सप्ताह की शुरूआत में अनुचित कदाचार के आरोपों की जांच लंबित रहने तक व्हिप को निलंबित कर दिया है। हम इस तरह के सभी आरोपों को बेहद गंभीरता से लेते हैं।

आज का इतिहास 10 अक्टूबर

1733 फ्रांस ने रोम के खिलाफ जंग का ऐलान किया था।
1756 क्लाइव राईस कोलकाता पर पुनः कब्जे के लिए नौ सौ यूरोपीय व पंद्रह सौ भारतीय सैनिकों के साथ रवाना हुए।
1842 दूसरे अफगान युद्ध की समाप्ति पर ब्रिटेन ने जीत का दावा किया।
1859 अर्जेन्टीना में गृहयुद्ध भड़का।
1911 चीन में डॉ. सनयात सेन के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने मंचू वंश का शासन उखाड़ फैंका।
1938 नाजी जर्मनी ने सुदेतनलैंड चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा किया।
1963 इटली में एक बांध टूटने से 18 लोग मारे गए।
1967 क्यूबा के क्रांतिकारी चेग्वेवारा बोलीविया में मारे गए।
1970 दो नकाबपोश व्यक्तियों ने क्यूबेक कनाडा के श्रममंत्री पियरेलापोर्टे का अपहरण कर लिया।
1971 फ्लोरिडा में तूफान से दो सौ से अधिक लोग मारे गए।
1976 थाईलैंड में सैनिक क्रांति के बाद हजारों वामपंथी छात्र बुद्धिजीवी और प्रोफेसर देश छोड़कर भाग गए या भूमिगत हो गए।
1977 सोवियत संघ के दो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष केंद्र से यान जोड़ने में असफल होने पर धरती पर लौटने को कहा गया।
1980 अल असनान अल्जीरिया में भूकंप से हजारों लोग हताहत हुए।
1988 तमिल उग्रवादियों ने उत्तरी श्रीलंका के एक गांव पर हमलाकर 47 लोगों को मार डाला।
1992 हुगली नदी पर बना दूसरा पुल विद्यासागर सेतु राष्ट्र को समर्पित।
2005 भारतीय प्रेस संस्थान के निदेशक व एडिटर्स गिल्ड के वरिष्ठ सदस्य चंचल सरकार का निधन।

181 साल से जार में बंद है खुंखार सीरियल किलर की खोपड़ी, 70 से भी ज्यादा लोगों को उतारा था मौत के घाट

लिस्बन (ईएमएस)। पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में आज भी एक शख्स का सिर पिछले 181 साल से भी ज्यादा समय से जार में सुरक्षित रखा हुआ है। कारण जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इस शख्स ने कोई ऐसा महान काम नहीं किया था, जिसके चलते उसका सिर जार में सुरक्षित रखा गया है। यह शख्स उन खौफनाक सीरियल किलर्स में से एक था, जिसने अपनी सनक के चलते न जाने कितने मासूम लोगों की हत्या कर दी थी। यह वह सीरियल किलर है जिसे पुर्तगाल में इस घिनौने कृत्य के लिए फांसी दी गई थी। हालांकि, इसके बाद उस देश में किसी को भी फांसी की सजा कभी नहीं दी गई। इस सीरियल किलर का नाम है- डियोगो एल्विस। डियोगो एल्विस का जन्म सन 1819 में स्पेन के गेसेलिया शहर में हुआ था। जब जवान हुआ तो काम की तलाश में पुर्तगाल के लिस्बन पहुंचा। यहां उसने नौकरी की तलाश की। लेकिन उसे नौकरी नहीं मिली। इस दौरान वह कुछ ऐसे लोगों से मिला जो कि नौकरी नहीं करते थे। फिर भी ऐश की जिंदगी बिता रहे थे। जब उसने पता लगाया कि वे लोग ऐसा क्या काम करते हैं जिससे उनके पास इतना रुपया है। फिर उसे पता चलता है कि ये लोग छोटे-मोटे क्राइम करके पैसा कमाते हैं। बस यही बात उसके मन में भी बैठ गई। उसने भी तय कर लिया कि वह क्राइम की राह पकड़ेगा और खूब पैसा कमाएगा। फिर डियोगो ने शुरूआत की लूटपाट से। वह अक्सर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाता और लूटपाट की घटनाओं के अंजाम देता। डियोगो की जिंदगी इसी तरह गुजर रही थी। फिर इसके मन में और पैसा कमाने का लालच आया। उसने सोचा कि क्यों ना कोई बड़ा हाथ मारा जाए। डियोगो ने काफी सोचा और एक रिसर्च की। रिसर्च में डियोगो ने पाया कि लिस्बन में 213 फुट ऊंचा एक पुल है। इस पुल के जरिए ही आउटर एरिया में जाया जाता है। इस पुल का इस्तेमाल खेती-बाड़ी करने वाले किसान

ज्यादा किया करते हैं। वे लोग आउटर एरिया से शहर आते हैं। वहां फल-सब्जियां बेचकर शाम को इसी पुल से वापस घर लौट जाते हैं। फिर डियोगो ने वहां जाकर पाया कि किसान या तो ग्रुप में वहां से जाते हैं। या इक्का दुक्का किसान कभी-कभी अकेले भी वहां से जाता है। डियोगो ने प्लान बनाया कि जो सबसे अंतिम किसान अकेले शाम के समय वहां से गुजरा करेगा, वह उसी को अपना निशाना बनाएगा। ताकि पकड़े जाने का खतरा न हो। उसने फिर अपना काम शुरू कर दिया। अक्सर वह अकेले जा रहे किसान पर अचानक से टूट पड़ता। फिर सारे पैसे लूटकर किसान को पुल से धक्का देकर नीचे फेंक देता। उसे पूरा यकीन था कि 213 फुट की ऊंचाई से गिरने के बाद किसान की मौत होना तय है। इसी तरह डियोगो ने उसी पुल को अपना ठिकाना बना लिया। वह रोज घात लगाकर वहां बैठ जाता। फिर अकेले जा रहे किसान को लूटकर इसी तरह मार डालता। वह रोज लूटपाट की घटना को अंजाम नहीं देता। लूट में उसे पैसा ज्यादा मिल जाता तो वह उन पैसों से कुछ दिन अपना खर्चा चलाता और लूट की घटना को कुछ समय के लिए विराम दे देता। लेकिन अगर उसे पैसा कम मिलता तो वह रोजाना वहां घात लगाकर किसानों को शिकार बनाता जब तक कि उसके पास ज्यादा पैसे ना आ जाएं।

किम कार्दशियन जैसी दिखने के लिए कोरियन महिला ने 46 लाख खर्च कर 15 सर्जरी कराई

लॉस एंजेल्स (ईएमएस)। अधिकांश लोगों को कोई न कोई स्टार पसंद होता है और वे वैसे ही दिखना चाहते हैं। वैसी ही हेयरस्टाइल अपनाकर और वैसे ही कपड़े पहनकर, कुछ लोगों का यह जुनून थोड़ा और बढ़ जाता है और वे उसकी तरह दिखने के लिए लाखों रुपए खर्च करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। एक ऐसी ही कोरियन महिला ने खुद को अपने पसंदीदा स्टार की तरह दिखाने के लिए पैसा और सेहत दोनों से समझौता किया। हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन जैसा दिखने की चाहत में एक कोरियन महिला ने लाखों रुपये खर्च करके 15 सर्जरी कराई, ताकि वह अपने आइडियल की तरह दिखाई दें। अब स्थिति यह है कि वह पहचान में ही नहीं आती। लेकिन महिला को खुशी इस बात की है कि मर्दों को उनका ये मेकओवर बहुत पसंद आ रहा है। 28 साल की चेरी ली यूं तो दक्षिण कोरिया की रहने वाली हैं, लेकिन अब तो कोई उन्हें देखकर एशियाई मानने से भी इंकार करता है। ली ने चेहरा से लेकर बॉडी तक का ट्रांसफॉर्मेशन करा लिया है और इसके लिए उन्होंनेखुद पर 50,000 पाउंड यानि भारतीय मुद्रा में 46 लाख से भी ज्यादा रकम खर्च की है। चेरी ली किम कार्दशियन की दीवानी हैं और वो हॉलीवुड स्टार की तरह दिखना चाहती थी। चेरी ने 20 साल की उम्र में अपनी पहली सर्जरी कराई, तब से अब तक वो कुल 15 सर्जरी करा चुकी हैं। लोगों को भले ही ऐसा न लगे लेकिन वो मानती हैं कि वो अपना टार्गेट अचीव कर चुकी हैं। चेरी ने 15 सर्जरी के तहत अपनी नाक, गाल की हड्डी, डबल चिन, बक्कल फैट हटाकर अपने गाल तक बदल लिए हैं।

हनोवर जर्मनी में जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज , मंत्री स्टीफन वेल व रिहीनीलैंड पेलेटिनेट चुनावों से पहले अंतिम रैली में पहुंचे। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 5

इस सप्ताह टीसीएस, इन्फोसिस के नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

- मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े तथा वैश्विक रुझान भी बाजार को दिशा देंगे



नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। इसके अलावा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े तथा वैश्विक रुझान भी बाजार को दिशा देंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि रुपए की चाल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रुपया इस समय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है। एक बाजार विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह बाजार भागीदारों की नजर आईआईपी, खुदरा और थोक मुद्रास्फीति जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो और एचडीएफसी बैंक के तिमाही नतीजे भी आने हैं। अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुझान, मुद्रा और कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव पर सभी की निगाह रहेगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 764.37 अंक के लाभ में रहा। दशहरा के मौके पर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहे थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने जा रहे हैं। ऐसे में बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के बाजारों की नजर फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर रहेगी, जो इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक निवेशकों की नजर अमेरिका और चीन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर भी थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के साथ तिमाही परिणामों की शुरूआत होगी। बाजार का ध्यान इस सप्ताह तिमाही नतीजों पर रहेगा। खासकर आईटी क्षेत्र की कंपनियों के परिणामों पर। इसके अलावा मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे।

अमेरिका की सेमीकंडक्टर निर्यात पर सख्ती नियमों का उल्लंघनः चीन



बीजिंग (ईएमएस)। चीन ने उन्नत कंप्यूटर चिप के विनिर्माण की राह में रोड़े अटकाने वाले अमेरिका के सख्त निर्यात कदमों की आलोचना करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक एवं व्यापारिक नियमों का उल्लंघन करता है और उल्टे अमेरिका को ही अलग-थलग कर देगा। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका ने यह कदम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चीन की कंपनियों को दबाने और उन्हें जानबूझकर रोकने के लिए निर्यात नियंत्रण के कदम का दुरुपयोग कर रहा है। यह न सिर्फ चीनी कंपनियों के वैध अधिकारों एवं हितों को चोट पहुंचाएगा बल्कि इससे अमेरिकी कंपनियों के हित भी प्रभावित होंगे। चीन ने यह प्रतिक्रिया अमेरिका की तरफ से एक दिन पहले उच्च क्षमता वाले कंप्यूटर चिप एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण उपकरणों के निर्यात पर सख्ती बरतने वाले कदम उठाने के बाद दी है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि चीन में सेमीकंडक्टर विनिर्माण या सुपर कंप्यूटर बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के निर्यात के लिए नए लाइसेंस की जरूरत होगी। अमेरिका ने इसे अपने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति हितों के संरक्षण के लिए उठाया गया कदम बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को भी राजनीति एवं हथियार की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश है लेकिन चीन की प्रगति को यह रोक नहीं पाएगा। चीन और अमेरिका के बीच के संबंध पिछले कुछ वर्षों में आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार प्रभावित हुए हैं। नया विवाद चीन में सेमीकंडक्टर विनिर्माण करने वाली कंपनियों को लेकर पैदा हुआ है।

हरियाणा और छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल महंगा

- ब्रेंट क्रूड 97.92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 92.64 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली थी। ब्रेंट क्रूड 97.92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 92.64 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। इधर सरकारी तेल कंपनियों ने देश में पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी कर दी है। हालांकि, कीमतों में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला है। छत्तीसगढ़ में 0.50 रुपए बढ़कर पेट्रोल 103.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.55 रुपए पर पहुंच गया है। गुजरात में पेट्रोल 0.70 रुपए गिरकर 96.42 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.17 रुपए का हो गया है। इसके अलावा हरियाणा में पेट्रोल 0.19 रुपए सस्ता होकर 97.24 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। राजस्थान में पेट्रोल 0.45 रुपए गिरकर 108.36 रुपए और डीजल 93.61 रुपए हो गया है। वहीं पंजाब व उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपए और डीजल 89.81 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

कफ सीरप से मौत मामले में मेडन ने कहा- वह उन दवाओं की बिक्री भारत में नहीं करती!

नई दिल्ली (ईएमएस)। अफ्रीकी देश गाम्बिया में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से हुई 66 बच्चों की मौत के बाद जांच के घेरे में आई हरियाणा की कंपनी मेडन फार्मास्यूटिकल्स ने एक बयान जारी कर कहा कि मौत की खबरों को सुनकर उसे गहरा दुख पहुंचा है। कंपनी ने कहा कि उसे 5 अक्टूबर को गाम्बिया में उसके एजेंट से इसकी सूचना मिली और अगले ही दिन डब्ल्यूएचओ ने कंपनी के खिलाफ अलर्ट जारी कर दिया। कंपनी ने कहा कि हम 30 सालों से भी अधिक समय से दवाएं बनाने के कारोबार में हैं और ड्रग्स कंट्रोलर जनरल (इंडिया) समेत सभी स्वास्थ्य प्राधिकरणों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं। कंपनी ने ये भी कहा जिन कफ सिरप पर सवाल उठाए गए हैं वह उनकी बिक्री भारत में करती ही नहीं है। कंपनी की कफ सिरप जो जांच के दायरे में आई हैं उनके नाम हैं- प्रोमेथाजिन ओरल सॉल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप, मकॉफ बेबी कफ सिरप और मैग्रीन एन कोल्ड सिरप सवालों के दायरे में है।

मेडन फार्मा ने कहा है कि वह अधिकृत प्रतिष्ठित कंपनियों से कच्चा माल उठाती है. उसके पास उन दवाओं के निर्यात के लिए वैध ड्रग अप्रूवल हैं. 1, 3, 6 व 7 अक्टूबर को सरकारी एजेंसियों ने उनकी फैक्ट्री का दौरा किया था और सीडीएससीओ ने उन दवाओं का सैंपल भी कलेक्ट किया था जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कंपनी का कहना है कि वह इन सैंप्लस के जांच नतीजों का इंतजार कर रही है।

डब्ल्यूएचओ ने गाम्बिया में हुई बच्चों की मौत और भारतीय दवा कंपनी की दवाओं के बीच कथित संबंध को 5 अक्टूबर को उजागर किया था। स्वास्थ्य संगठन के महानिदेश टेड्रोस एधेनॉम ने कहा था कि गुर्दे की बीमारी और 66 बच्चों की मौत का सीधा संबंध इन दवाओं से है।

मेक्सिको में एचसीएल टेक 1300 लोगों को देगी रोजगार

नई दिल्ली (ईएमएस)। तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख कंपनी एचसीएल टेक ने मेक्सिको में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए अगले दो वर्षों में 1300 लोगों को नियुक्त करने की योजना की घोषणा की। वर्तमान में देश में आईटी कंपनी के 2,400 कर्मचारी हैं। कंपनी ने ग्वाडलजारा में अपनी 14वीं वर्षगांठ समारोह में मेक्सिको में विस्तार योजनाओं की भी घोषणा की। मेक्सिको में एक प्रमाणित शीर्ष नियोक्ता एचसीएलटेक ग्वाडलजारा में अपना छठा प्रौद्योगिकी केंद्र भी खोलेगा। मेक्सिको में अमेरिका और कार्यकारी प्रायोजक के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष अजय बहल ने कहा कि हम अपने ग्राहकों और भागीदारों के साथ मजबूत साझेदारी करने के लिए भाग्यशाली हैं क्योंकि हम मेक्सिको में विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

फुटवियर क्षेत्र में देश के लिए बहुत संभावनाएंः पीयूष गोयल

नई दिल्लीः केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि फुटवियर क्षेत्र में देश के लिए बहुत संभावनाएं हैं और निकट भविष्य में देश का उत्पादन तथा निर्यात 10 गुना तक बढ़ सकता है। गोयल ने हाल ही में ह्यमीट एट आगरा लेदर, फुटवियर कंपोनेंट्स एंड टेक्नोलॉजी फेयर' कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि देश में लगभग 7,000 लघु उद्योग इकाइयां फुटवियर क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं जो देश की अर्थव्यवस्था में और विदेशी मुद्रा में आय अर्जित करने के लिए बेहद महत्व रखती हैं। इस उद्योग में लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं कार्य करती हैं और प्रत्येक 1000 जोड़ी फुटवियर जिनका उत्पादन अथवा विक्रय किया जाता है, उसमें करीब 425 नौकरियां सुरक्षित हैं। भारत, जूता-चप्पल और चमड़े के परिधान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है और यह विश्व में इस सेक्टर का अग्रणी बन सकता है। भारत में दुनिया का लगभग तीन अरब वर्ग फुट चमड़े का उद्योग कार्यरत है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख ब्रांड कच्चे माल के लिए भारत पर निर्भर हैं। इस दौरान एक योजना तैयार करने का सुझाव किया ताकि उच्च मूल्य की परियोजनाओं वाले भारतीय ब्रांड वैश्विक बाजार तक अपनी पहुंच स्थापित कर सकें। गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान और राष्ट्रीय पैकेजिंग संस्थान को कौशल विकास की दिशा में कार्य करने के लिए सहयोग करना चाहिए ताकि भारतीय तथा वैश्विक बाजार के लिए नए डिजाइन तैयार किए जा सकें।

हीरो की दोपहिया सेंगमेंट में बादशाहत बरकरार

-सुजुकी ने बनाया नया बिक्री रिकॉर्ड

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनियों ने सितंबर महीने के अपने बिक्री के आंकड़े जारी किए हैं। एक बार फिर हीरो ने दोपहिया सेंगमेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। वहीं सुजुकी ने नया बिक्री रिकॉर्ड बनाया है। साल 2006 में अपना भारतीय परिचालन शुरू करने के बाद से सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के लिए सितंबर अब तक का सबसे अच्छा महीना रहा। दुनिया के सबसे बड़े दोपहिया निमार्ता ने सितंबर में घरेलू स्तर पर कुल 5,07,690 यूनिट्स की बिक्री के साथ अपनी टॉप पोजिशन बरकरार रखी। यह पिछले महीने के आंकड़ों की तुलना में महीने-दर-महीने 12.6 प्रतिशत की वृद्धि है। साल-दर-साल, सितंबर 2021 में बताए गए आंकड़ों की तुलना में 0.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है।हीरो ने घरेलू बाजार में वृद्धि दर्ज की है, लेकिन निर्यात में उसको सबसे ज्यादा बढ़त मिली। भारतीय वाहन निमार्ता के लिए निर्यात पिछले साल की तुलना में 50.6 प्रतिशत गिर गया है लेकिन हीरो का निर्यात 3 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है।

सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बिक्री में रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने कहा कि सितंबर में उसकी कुल बिक्री 27.55 फीसदी बढ़कर 86,750 यूनिट रही है। कंपनी ने बताया कि सितंबर 2021 में उसके 68,012 वाहन बिके थे। घरेलू स्तर पर कंपनी ने सितंबर में 2022 में 72,012 यूनिट्स बेचीं जबकि 14,738 यूनिट्स का निर्यात किया। कंपनी ने बताया कि घरेलू स्तर पर दोपहिया वाहनों की बिक्री 16 फीसदी बढ़कर 2,83,878 यूनिट हो गई है। मोटरसाइकिल विनिमार्ता रॉयल एनफिल्ड ने बताया कि सितंबर में उसकी बिक्री दोगुने से भी अधिक बढ़कर 82,097 यूनिट रही है।

सितंबर 2021 में कंपनी ने 33,529 यूनिट बेची थीं। सुजुकी मोटर ने कहा, 2006 में कारोबार शुरू करने के बाद से यह कंपनी की सर्वाधिक मासिक बिक्री के साथ सर्वाधिक घरेलू मासिक बिक्री भी है। टीवीएस मोटर कंपनी की कुल बिक्री सितंबर में नौ फीसदी बढ़कर 3,79,011 यूनिट रही है। पिछले वर्ष सितंबर में उसने कुल 3,47,156 वाहन बेचे थे।

त्योहारी सीजन में कारों की बिक्री तेजी आने की उम्मीद

-उद्योग कारोबार को लेकर सतर्क रूप से आशावादी

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑटो उद्योग को उम्मीद है कि इस त्योहारी सीजन में नई पेशकश और उत्पादन बढ़ने से कारों की बिक्री तेजी से होगी। हालांकि, त्योहारों के बाद उद्योग कारोबार को लेकर सतर्क रूप से आशावादी है। त्योहारी सत्र में आमतौर पर ऑटोमोबाइल की बिक्री में बढ़ोतरी होती है। इस साल त्योहारी सत्र 11 अगस्त को रक्षाबंधन से शुरू होकर 25 अक्टूबर को दिवाली तक चलेगा।

ऑटोमोबाइल डीलरों के निकाय के अध्यक्ष विकेश गुलाटी ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि नई पेशकश और बेहतर उत्पादन गतिविधियों के चलते इस साल त्योहारी सत्र यात्री वाहनों की बिक्री के लिहाज से सबसे अच्छा रहेगा।उन्होंने बताया, उद्योग पिछले 4-5 महीनों में औसतन तीन लाख से अधिक इकाइयों का उत्पादन कर रहा है। इससे खुदरा विक्रेताओं को मदद मिली है। आने वाले दिनों में कुछ चुनौतियों के बारे में पूछने पर उन्होंने देश के कुछ हिस्सों में अनिश्चित मानसून, मुद्रास्फीति के दबाव और चीन-ताइवान युद्ध के आसन्न खतरे का जिक्र किया।

फाडा देश भर में 15,000 से अधिक ऑटोमोबाइल डीलरों का प्रतिनिधित्व करता है। किआ इंडिया के उपाध्यक्ष और सेल्स हेड हरदीप सिंह बराड़ के मुताबिक ऐसे संकेत हैं कि सप्लाई चेन के मुद्दे अब कम हो रहे हैं और बाजार की धारणा तेज बनी हुई है। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (यात्री वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन) शैलेश चंद्र ने कहा कि कंपनी को त्योहारी सत्र के अंत तक ग्राहकों की मांग के बारे में कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि दूसरी तिमाही में बेहतर सेमीकंडक्टर उपलब्धता के साथ वाहनों की आपूर्ति में सुधार होगा। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दर ऑटो मांग को प्रभावित कर सकती है, हालांकि दूसरी तिमाही में कोई तनाव नहीं है। बता दें कि देश में ऑटो सेक्टर में डिमांड बनी हुई है। अब त्योहारी सीजन में ऑटो सेक्टर की रफ्तार और बढ़ेगी। आप कारों की वेटिंग पीरियड से अंदाजा लगा सकते हैं कि ऑटो सेक्टर में मांग बनी हुई है।

ओला, उबर और रैपिडो ने की किराए में कटौती

- 60 रुपए प्रति राइड से घटाकर 30 रुपए किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओला, उबर और रैपिडो ने कर्नाटक में अपना न्यूनतम किराया 60 रुपए प्रति राइड से घटाकर 30 रुपए कर दिया है। इन कंपनियों ने किराए में कटौती तब की है, जब बढ़ती कीमतों के लिए राज्य परिवहन विभाग ने एक नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में अगले 3 दिनों के लिए बेंगलुरु में सभी एग्रीगेटर-रन ऑटो सर्विस को रोकने के लिए कहा गया था। कंपनियों का दावा है कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि और ऑटो चालकों की आय बढ़ाने के लिए बेस फेयर को बढ़ाकर 60 रुपए कर दिया गया था। कंपनी के दो सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह मामला तब उठा जब पिछले महीने एक ट्रिप का बेस फेयर 30 रुपए से बदलकर 60 रुपए कर दिया गया था। बता दें कि बेंगलुरु में किसी भी यात्रा पर ऑटो फेयर में 3 कंपोनेंट शामिल होते हैंझ्र बेस फेयर, सरकार द्वारा अनिवार्य प्रति किलोमीटर फेयर और एग्रीगेटर द्वारा लिया जाने वाला बुकिंग/कन्वीनियंस फीस। शहर में न्यूनतम ऑटो किराया पहले 2 किमी के लिए 30 रुपए और उसके बाद प्रत्येक किलोमीटर के लिए 15 रुपए सरकार ने तय कर रखा है। सूत्रों ने कहा कि डायरेक्ट बुक किए जाने वाले ऑटो के मुकाबले, एग्रीगेटर्स के साथ बुकिंग में एक पिक-अप कॉम्पोनेंट भी शामिल होता है। जैसे-जैसे तेल की कीमत में बदलाव आया, पिकअप की लागत बढ़ गई और ड्राइवरों के लिए किसी भी बढ़ोतरी को नजरअंदाज कर पिक-अप करना मुश्किल हो गया था। इसके अलावा कोविड-19 के बाद पिक-अप डिस्टेंस भी बढ़ गई हैं। कन्वीनियंस फीस को पहले की तरह ही 40 रुपए रखा गया है जबकि न्यूनतम बेस फेयर, जिसे बढ़ाकर 60 रुपए कर दिया गया था, उसे अब घटाकर 30 रुपए प्रति राइड कर दिया गया है। अब ऑनलाइन राइड के लिए बेसिक फेयर करीब 70 रुपए होगा, जो पहले 100 रुपए था।

टाटा मोटर्स ने पेश की टियागो इलेक्ट्रिक

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने 8.49 लाख रुपये में टियागो इलेक्ट्रिक कार को पेश किया है। टाटा मोटर्स भारतीय इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट में अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश में जुटी है। इस कार के बारे में दावा किया जा रहा है कि ये देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार है। कंपनी के पास इलेक्ट्रिक सेगमेंट में पहले से ही नेक्सन और टिगोर मौजूद है। टियागो के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक हैचबैक सेगमेंट में एंट्री मारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि टियागो इलेक्ट्रिक बंपर बुकिंग होगी। टियागो इलेक्ट्रिक को पेश करते हुए टाटा मोटर्स ने कहा था कि इस कार की बुकिंग 10 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। ग्राहक किसी भी अधिकृत टाटा मोटर्स डीलरशिप या वेबसाइट पर 21,000 रुपये के टोकन अमाउंट जमा करके टियागो इलेक्ट्रिक की बुकिंग करा सकते हैं। इस कार की डिलीवरी जनवरी 2023 से शुरू होगी। टियोगा ईवी में झेड कनेक्ट ऐप के जरिए 45 कनेक्टेड कार फीचर्स भी मिलते हैं। टियागो ईवी झिपट्रॉन टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है।

टाटा मोटर्स ने इन-हाउस ने वैश्विक रूप से हाई वोल्टेज आर्किटेक्चर विकसित किया है। इसे भरतीय ड्राइविंग और मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को समझते हुए टियागो ईवी को आईपी 67 रेटेड बैटरी पैक और 24केडब्ल्यूएच बैटरी पैक सहित कई चार्जिंग ऑप्शन के साथ पेश किया गया है। कंपनी का दावा है कि 24केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ टियागो ईवी की रेंज 315 किलोमीटर होगी। कंपनी ने रोजाना के सफर यानी ऑफिस से दफ्तर और दफ्तर से घर आने-जाने वालों का भी ध्यान रखा है। टाटा मोटर्स ने टियागो ईवी 19.2 केडब्ल्यूएच के बैटरी पैक के साथ भी पेश किया है। इस बैटरी पैक के साथ कार की रेंज 250 किलोमीटर बताई गई है। कंपनी ने कहा कि मोटर और बैटरी 8 साल या 1,60,000 किलोमीटर की वारंटी के साथ आएगी। कंपनी ने कहा है कि ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए और इनसाइट्स के आधार 24 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के वैरिएंट को प्रोडक्शन के मोर्चे पर प्राथमिकता दी गई है। दोनों ही बैटरी पैक फास्ट चार्जिंग में सक्षम हैं। इन्हें डीसी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल कर करीब 57 मिनट में 80 फीसदी तक चार्ज किया जा सकता है। इसमें हिल स्टार्ट और डिसेंट असिस्ट, टीपीएमएस, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल के साथ मल्टी-मोड रीजेन फीचर भी ऑफर किया जा रहा है। टाटा टियागो ईवी सेगमेंट में भारत की पहली हैचबैक प्रीमियम इलेक्ट्रिक कार बन गई है। टियागो ईवी में 4 चार्जिंग ऑप्शन दिए गए हैं। 15ए सॉकेट, 3.2 केडब्ल्यू एसी चार्जर, 7.2 केडब्ल्यू एसी चार्जर और डीसी फास्ट चार्जर ऑप्शन शामिल हैं। टाटा ने सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार टियागो ईवी को 7 वैरिएंट में लॉन्च किया है। ये अलग-अलग बैटरी और चार्जिंग ऑप्शन के साथ आएगी।

आज का राशिफल

शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, पूर्वे शुक्रास्त पूर्वे, तिथि प्रतिपदा, सोमवासरे, रेवती नक्षत्रें, व्यय योगे, वालवकरणे, मीन की चंद्रमा, पंचक समाप्त दिन में 4/56, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होवेगी।

आज जन्म लिए बालक का फल..... .

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शास्त्रक-प्रशासक, उद्यमी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपल, उत्तम व्यापारी, हार्डवेयर, मैकेनिक, इंजीनियर होगा।

मेष :- व्यवसायिक क्षमता अनुकूल है, किसी तनाव में विवादग्रस्त होने से बचें।

वृष :- स्त्री-वर्ग से भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति तथा कार्य संतोषप्रद होगा, ध्यान रखें।

मिथुन :- सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व-वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष होगा।

कर्क :- कार्यकुशलता से संतोष एवं नवीन योजना फलप्रद हो, रुके कार्य बन ही जायेंगे।

सिंह :- मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि किन्तु अधिकारियों की उपेक्षा से कार्य हानि अवश्य होगी।

कन्या :- दैनिक कार्यों में सुधार, तत्परता से रुके कार्य निपटा लेवें, चिन्तामुक्त होंगे।

तुला :- तनाव, अशांति व कष्ट, घटनाग्रस्त होने से बचें, रुके कार्य निपटा लेवें, कार्य बनेंगे।

वृश्चिक :- स्त्री-शरीर सुख, मनोबल उत्साहवर्धक होगा, विरोध होगा, ध्यान अवश्य रखें।

धनु :- स्वभाव में उद्विघ्नता, क्लेश, मन अशांति से बचें, कार्य अवरोध अवश्य होगा।

मकर :- सफलता के साधन जुटायें, मनोबल उत्साहवर्धक होगा, समय का ध्यान अवश्य रखें।

कुम्भ :- विशेष कार्य स्थिगित रखें, मानसिक-विभ्रम व उद्विघ्नता से आप अवश्य बचेंगे।

मीन :- किसी तनाव व क्लेश से बचें, मानसिक उद्विघ्नता बनेगी, परेशानी होगी, ध्यान दें।

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 6

भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी का किया फैसला

रांची, (हि.स.)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला का दूसरा मुकाबला रांची में खेला जा रहा है। मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया है। दक्षिण अफ्रीका के नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। उनके स्थान पर केशव महाराज कप्तानी कर रहे हैं। इस मुकाबले में बावुमा के अलावा स्पिन गेंदबाज तबरेज शम्सी और लुंगी एनगिडी भी नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह रीजा हेंड्रिक्स, ब्योर्न फोर्च्यून और एनरिच नोर्त्जे को शामिल किया गया है। भारतीय टीम ने इस मुकाबले में दो बदलाव किए हैं। ऋतुराज गायकवाड़ और रवि बिश्नोई को बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। साथ ही ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को डेब्यू करने का मौका मिला है।

भारतीय टीम प्लेइंग-11: शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन, वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और आवेश खान।

दक्षिण अफ्रीका टीम प्लेइंग-11: केशव महाराज (कप्तान), रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), जानेमन मलान, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, हेनरिच क्लासेन, वेन पार्नेल, एनरिच नोर्त्जे, लुंगी एंगिडी और ब्योर्न फोर्च्यून। उल्लेखनीय है कि श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पहला मैच जीतकर 1-0 से आगे है।

नटराज ने राष्ट्रीय खेलों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण जीता

अहमदाबाद (ईएमएस)। कर्नाटक के श्रीहरि नटराज ने यहां जारी 36 वें राष्ट्रीय खेलों में पुरूषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। श्रीहरि का इन खेलों में यह छठा स्वर्ण है। नटराज ने 50.41 सेकेंड का समय निकाल कर यह स्वर्ण पदक जीता है। श्रीहरि इन खेलों में सबसे ज्यादा छह स्वर्ण जीतकर पहले नंबर पर हैं। वहीं पांच स्वर्ण जीतकर दूसरे नंबर पर केरल के साजन प्रकाश हैं। साजन ने दो रजत और एक कांस्य पदक भी हासिल किया है। नटराज 100 मीटर फ्रीस्टाइल में शीर्ष पर रहे जबकि साजन को सातवां स्थान मिल पाया। नटराज ने फ्रीस्टाइल स्प्रिंट में दो स्वर्ण, बैकस्ट्रोक में दो स्वर्ण के अलावा रिले टीम को दो स्वर्ण जिताये। वहीं सेना के एसपी लिखित ने 100 मीटर स्पर्धा जीतकर पुरूषों की बैकस्ट्रोक की तीनों स्पधाओं में जीत हासिल की है। इस प्रकार सेना के स्वर्ण पदकों की तादाद बढ़कर 44 हो गयी है। वहीं 30 स्वर्ण लेकर हरियाणा दूसरे नंबर पर है। महाराष्ट्र के 28 स्वर्ण हैं जबकि कर्नाटक के नाम कर्नाटक 23 स्वर्ण पदक हैं। तमिलनाडु पदक तालिका में पांचवें स्थान पर है। वहीं गुजरात ने पुरूषों की सॉफ्ट टेनिस में मध्य प्रदेश को 2-0 से हराकर अपना 11 स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर जूडो में दिल्ली के मोहित सहरावत ने कंधे में चोट के बाद भी पुरूषों के 81 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। मोहित ने दोनों सेमीफाइनल के बाद फाइनल मुकाबला भी अपने नाम किया जबकि साइकिलिंग में कर्नाटक के नवीन जॉन ने पुरूष व्यक्तिगत टाइम ट्रायल स्पर्धा में खिताब जीता है। मणिपुर की टोंगब्राम मनोरमा देवी ने महिलाओं की 85 किमी रोड रेस में पहला स्थान हासिल किया।

पंकज आडवाणी ने रचा इतिहास, कुआलालंपुर में जीता अपना 25वां विश्व खिताब

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारत के अग्रणी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने विश्व चैंपियनशिप के 150 अप बिलियर्ड्स फाइनल में हमवतन सौरव कोठारी को 4-0 से हराकर अपना 25वां विश्व खिताब जीता। आडवाणी ने बहुत पहले ही अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे। उन्होंने 149 ब्रेक के साथ पहला फ्रेम हासिल किया, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी, ने एक भी अंक हासिल नहीं किया था। कोठारी द्वारा सीमित अवसरों को भुनाने में विफल रहने के बाद दूसरा फ्रेम आडवाणी के पक्ष में चला गया। 77 के ब्रेक की मदद से आडवाणी 2-0 की बढ़त ले ली। आडवाणी ने तीसरे फ्रेम में 153 का सर्वोच्च ब्रेक बनाते हुए 3-0 की बढ़त ले ली। चौथे फ्रेम में, आडवाणी ने 86 और 60 के ब्रेक के साथ 4-0 से खिताब अपने नाम कर लिया। कोठारी के फाइनल में कुल 72 अंक थे, जबकि आडवाणी ने लगातार पांचवें वर्ष अपने खिताब की रक्षा के लिए 600 से अधिक अंक अर्जित किए। महामारी के कारण, यह आयोजन आखिरी बार 2019 में हुआ था और तीन साल के अंतराल के बाद फिर से आयोजित किया गया। इस जीत के साथ ही आडवाणी ने एक ही कैलेंडर वर्ष में रिकॉर्ड पांचवीं बार बिलियर्ड्स नेशनल-एशियन-वर्ल्ड गोल्डन टारगेट पूरा किया। जीत के बाद आडवाणी ने कहा, "लगातार पांच बार विश्व खिताब की रक्षा करना एक सपना है। इस साल मैंने जिस तरह से हर बिलियर्ड्स इवेंट में हिस्सा लिया और जीता, उससे मैं वास्तव में खुश हूं। अपने देश में विश्व स्तर पर एक और स्वर्ण पदक लाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।" आडवाणी का आखिरी विश्व खिताब 12 महीने पहले कतर में आया था, जहां उन्होंने आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर विश्व कप जीता था।

प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल के इस खिलाड़ी को बताया स्टार

नई दिल्ली (ईएमएस)। गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेलों में दस साल के शौर्यजीत ने मलखंब में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शौर्यजीत की जमकर प्रशंसा करते हुए उसका एक वीडियो भी साझा किया है। प्रधानमंत्री ने इस छोटी सी उम्र में अपने पिता को खोने के बाद भी मैदान में उतरने के इस बच्चे के जज्बे को सलाम करते हुए उसे एक स्टार खिलाड़ी करार दिया। शौर्यजीत जब राष्ट्रीय खेलों में मलखंब में अपना कौशल दिखा रहे थे। तब वह अंदर से बेहद दुखी थे।. वह अपने पिता का सपना पूरा करने के लिए ही खेल रहे थे। गत 30 सितंबर को शौर्यजीत के पिता का निधन हुआ था। उस समय वह राष्ट्रीय खेलों की तैयारी कर रहे थे। शौर्यजीत तब राष्ट्रीय खेलों से हट भी सकते थे पर उन्होंने पिता का सपना पूरा करने का फैसला किया। इस दौरान मां और कोच ने भी उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद शौर्यजीत ने इन खेलों में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पहले दौर में ही शौर्यजीत ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रशंसकों ने तालियों से उनका हौंसला बढ़ाया।

टी20 विश्वकप से पहले बल्लेबाज कैंपबेल पर लगा प्रतिबंध, वेस्टइंडीज को करारा झटका

जमैका (ईएमएस)। डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण वेस्टइंडीज के बल्लेबाज जॉन कैंपबेल पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। टी20 विश्वकप से पहले आये इस फैसले से वेस्टइंडीज टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि कैंपबेल टीम के एक आक्रामक बल्लेबाज हैं। कैंपबेल पर यह पाबंदी जमैका के एंटी डोपिंग कमीशन (जेडको) ने लगायी है। तीन सदस्यीय इस स्वतंत्र पैनल ने गत शुक्रवार को सुनाये अपने फैसले में कैंपबेल पर जांच नमूने देने से इंकार करने के साथ ही अपने पक्ष में कोई साक्ष्य नहीं दे पाने के लिए भी यह प्रतिबंध लगाया है। जेडको ने कहा कि यह बल्लेबाज अपने बचाव में कोई तर्क नहीं दे पाया है। कैंपबेल पर यह प्रतिबंध 10 मई से ही लागू माना जाएगा।

इसका कारण यह है कि इस बल्लेबाज को इसी दिन नियमों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस दिया गया था। जेडको के अनुसार जॉन कैंपबेल ने नियम 2.3 का उल्लंघन किया है। इसके कारण उनपर चार साल की यह पाबंदी लगानी पड़ी है। कैंपबेल ने वेस्टइंडीज की कोर से 20 टेस्ट, 6 एकदिवसीय और 2 टी20 मैच खेले गए हैं। 20 टेस्ट मैचों में उन्होंने 3 अर्धशतक के साथ 888 रन बनाए हैं। वहीं एकदिवसीय में उन्होंने 6 मैचों में 49.60 की औसत से 248 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक भी शामिल है।

आजम ने की विराट और रोहित के एक रिकार्ड की बराबरी

क्राइस्टचर्च (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने न्यूजीलैंड में जारी त्रिकोणीय सीरीज में मेजबान टीम के खिलाफ 79 रनों की की पारी खेलने के साथ ही टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के एक रिकार्ड की भी बराबरी कर ली। बाबर ने इस मैच में 79 रनों की पारी खेली। बाबर ने 53 गेंद का सामना करते हुए 79 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने कुल 11 चौके जमाए। उनकी इस पारी की सहायता से पाक ने यह मैच भी जीत लिया। टी20 इंटरनेशनल में विराट ने 28 अर्धशतक 84 पारियों में पूरे किए थे। वहीं बाबर ने भी अपनी 84 वीं पारी में अपना 28 अर्धशतक लगाया। यह उनका लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 वां अर्धशतक था। ऐसे में अब वह रोहित के 12 अर्धशतक की बराबरी पर पहुंच गये हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा 19 अर्धशतक बनाने का रिकार्ड संयुक्त रूप से विराट और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर के का नाम है।

टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच को लेकर परेशान नहीं हैं रिजवान

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारत के साथ होने वाले पहले मुकाबले को लेकर चिन्तित नहीं हैं। विश्व कप में इन दोनो ही टीमों के बीच पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को होगा। रिजवान के अनुसार दोनो टीमों के बीच सभी मुकाबले दबाव वाले होते हैं पर पिछले कुछ साल में हालात बदले हैं जिससे इन मैचों को लेकर पहले जैसी स्थिति नहीं रह गयी है। रिजवान ने न्यूजीलैंड के साथ जारी त्रिकोणीय सीरीज के दौरान कहा, भारत और पाक के बीच मैच सभी मैच दबाव और रोमांच से भरे होते हैं। इसलिए मैं इसमें चीजों को सरल बनाये रखने का प्रयास करता हूं। इस दौरान पूरी टीम दबाव में रहती है पर पिछले कुछ सालों से जिस प्रकार के बदलाव आये हैं। उसको देखते हुए 23 अक्टूबर को दोनो टीमों के बीच होने वाले मुकाबले में पहले वाली बात नहीं होगी। चीजें यह मुकाबला हमारी टीम के लिए काफी अहम रहेगा। इस मैच में हम सभी अपना सौ फीसदी देने के लिए तैयार हैं। रिजवान ने पिछले एक साल में अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। त्रिकोणीय सीरीज में भी उनका प्रदर्शन सबसे काफी अच्छा रहा है जिससे पर भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा।

आरपीएसजी समूह ने गंभीर को वैश्विक मेंटोर बनाया

नई दिल्ली (ईएमएस)। आरपीएसजी समूह ने पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को अपने क्रिकेट संचालन मामलों का वैश्विक मेंटोर नियुक्त किया है। गंभीर अभी लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटोर की भूमिका निभा रहे है पर अब इसके साथ ही वह दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टी20 लीग मे आरपीएसजी समूह की टी20 टीम डरबंस सुपर जायंट्स के भी मेंटोर की जिम्मेदारी संभालेंगे। गंभीर के मार्गदर्शन में ही लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने पदार्पण सत्र में ही प्लेआफ के लिये क्वालीफाई किया था। समूह ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा गंभीर आरपीएसजी परिवार के अभिन्न सदस्य रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए भी उनकी विशेषज्ञता एक सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। वह क्रिकेट की बारीकियों को तेजी से समझ सकते हैं। समूह को लगता है कि वह न केवल भारतीय हालातों में बल्कि अन्य देश में भी अपनी सेवायें दे सकते हैं। "वहीं इस जिम्मेदारी से उत्साहित गंभीर ने कहा कि सुपर जायंट्स के वैश्विक संरक्षक के रूप में मैं कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी की उम्मीद करता हूं। सुपर जायंट्स परिवार को वैश्विक स्तर पर प्रभाव बनाते हुए देखना मेरे लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही मुझ पर विश्वास दिखाने के लिए भी मैं सुपर जायंट्स परिवार के प्रति आभारी हूं।

ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर तेज गेंदबाजों को मिलेगा लाभ : हेजलवुड

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के अनुसार हमारे मैदानों की लंबी बाउंड्री और उछाल भरी पिचों का लाभ तेज गेंदबाजों को मिलेगा। हेजलवुड ने कहा, यह देखने के लिए टी20 एक शानदार परीक्षा होगी थी कि हम कहां हैं। कई खिलाड़ियों को खेल में सबसे अच्छे आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ सबसे छोटी बाउंड्रियों पर अंत में गेंदबाजी करने का मौका मिला। इससे उन्हें नुकसान हुआ। उन्होंने साथ ही कहा, हम हमेशा बेहतर करने के बारे में सोच रहे हैं, क्योंकि आप निश्चित समय पर कौन से क्षेत्र चाहते हैं, आप कौन सी गेंद फेंक रहे हैं, आप इसे कैसे ढाल रहे हैं। यह सब आप पर आधारित रहता है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में टी20 गेंदबाजों के लिए कई मामलों में बेहतर अवसर हैं। हमारे मैदान बड़े हैं, तेज विकेटों और बड़ी बाउंड्री के जरिये गेंदबाज बल्लेबाजों पर दबाव बना सकते हैं।

विश्वकप में आक्रामक रुख अपनाएगी भारतीय टीम नीलकांत शर्मा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर नीलकांत शर्मा ने कहा कि अगले साल होने वाले विश्वकप में उनकी टीम आक्रामक रुख अपनाने की रणनीति अपनाएगी जिससे विरोधी टीमों पर दबाव बनाया जा सके। नीलकांत के अनुसार इसके साथ ही प्रयास रहेगा कि टीम की रक्षापंक्ति किसी भी हमले को बेहतर प्रकार से रोके जिससे की गोल का बचाव भी किया जा सके। भारतीय टीम बर्मिंघम राष्ट्रमण्डल खेलों में अपने गोल का बचाव नहीं कर पायी थी इससे उसे फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों सात गोल से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान देखा गया कि भारतीय टीम अपने गोल कर बचाव नहीं कर पायी। नीलकांत ने कहा, हम अभ्यास शिविर शुरू होने के बाद से ही राष्ट्रमण्डल खेलों के अपने मैचों के वीडियो देख रहे हैं और हम यह तय किया है कि हम भविष्य में शुरूआत में गोल न होने दें क्योंकि इससे विरोधी टीम को हावी होने का अवसर मिल जाता है। उन्होंने कहा, यदि हम अच्छी शुरूआत करते हैं तो फिर पूरे मैच में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। विश्वकप में भारत को इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। भारतीय टीम अपना पहला मैच 13 जनवरी को राउरकेला में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। नीलकांत ने कहा, विश्वकप के ग्रुप चरण में हमें कुछ तगड़ी टीमों का सामना करना पड़ेगा और ऐसे में अच्छी शुरूआत बेहद अहम रहेगी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य किसी भी हाल में विश्वकप में पदक जीतना है।

बांग्लादेश के कप्तान ने कहा, इन दो खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलनी थी

ढ़ाका (ईएमएस)। बांग्लादेश की एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान तमीम इकबाल ने कहा है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम में मुशफिकुर रहीम और महमूदुल्लाह जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया जाना था। तमीम के अनुसार ये दो खिलाड़ी टीम में होते तो अच्छा रहता। महमूदुल्लाह का नाम विश्व कप के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि मुशफिकुर रहीम ने एशिया कप के बाद टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था। मुशफिकुर लंबे समय से छोटे प्रारूप में रन नहीं बना पाये हैं। उन्होंने पिछले 16 टी20 मुकाबलों में केवल एक बार ही अर्धशतक लगाया है। एशिया कप के दौरान भी वह केवल 5 रन ही बना पाये थे। इसके बाद उन्होंने टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था। मुशफिकुर ने कहा था कि वे टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट पर ध्यान देंगे। यह पहली बार है जब मुशफिकुर टी20 विश्वकप के लिए टीम में शामिल नहीं किये गये हैं।

शेफाली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में बनाया नया रिकार्ड

ढ़ाका (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट में नया विश्व रिकार्ड बनाया है। शेफाफी ने महिला विश्वकप में मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ 55 रनों की पारी खेलने के साथ ही लय हासिल करने के साथ ही इस सबसे छोटे प्रारुप में अपने 1000 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन भी पूरे किये हैं। इस बल्लेबाज ने ये रन केवल 18 साल और 253 दिन की उम्र में बनाये हैं। इस प्रकार शेफाली सबसे कम उम्र में 1000 टी20 रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गयी हैं। उन्होंने इस रिकॉर्ड को बनाने के दौरान अपनी वतन साथी जेमिमा रोड्रिगेड को भी पीछे छोड़ दिया। जेमिमा ने ये रन 21 साल 32 दिन की उम्र में बनाये थे। गौरतलब है कि शेफाली पिछले कुछ समय से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण दबाव में थी।

वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल टिम को सराहा

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल सिंगापुर मूल के बल्लेबाज टिम डेविड की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टी20 विश्वकप के लिए उसे टीम में शामिल करने से टीम को लाभ होगा। वॉर्नर के अनुसार टिम 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में अंतर पैदा कर सकते हैं। डेविड को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। इसी कारण इंडियन प्रीमियर लीग में टिम को मुंबई फ्रेंचाइजी ने अपने साथ 8.25 करोड़ रुपये में शामिला किया था। इस बल्लेबाज ने आईपीएल के पिछले सत्र के 8 मैचों में 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 186 रन बनाए। टिम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 20 गेंदों पर 42 रन की मैच विजेता पारी खेली।

डेविड की इस पारी को देखकर वॉर्नर भी खुश नजर आए। वॉर्नर ने कहा, ह्य अब वह हमारी टीम का हिस्सा हैं। उन्हें ईश्वर ने भेजा है। वह एक अद्भुत खिलाड़ी हैं। उनके पास पॉवर हिटिंग की क्षमता है। उनके आने से हमारा मध्य क्रम अच्छा हुआ है। उनकी लंबाई और मजबूती को देखते हुए उन्हें यह गेम सूट करता है। 26 साल के टिम ने ऑस्ट्रेलिया के लिए इसी साल सितंबर में भारत के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में पदर्पण किया।

काहिरा में अरब ट्रैक चैम्पियनशिप में भाग लेते हुए साइकिल सवार।

(फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 7

शिवसेना का नाम और उसका चुनाव चिन्ह जब्त करना आश्चर्यजनक नहीं : शरद पवार

-चुनाव आयोग के इस फैसले से शिवसेना खत्म नहीं होगी

मुंबई, (हि.स.)। शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह धनुष-बाण पर रोक लगने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने चुनाव आयोग के फैसले पर रविवार को प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुझे इस फैसले पर बिलकुल आश्चर्य नहीं है, क्योंकि इसका आभास उन्हें पहले से ही था। उन्होंने कहा कि शिवसेना का नाम और उसका चुनाव चिन्ह जब्त करने से शिवसेना खत्म नहीं होगी। शरद पवार ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सिंबल फ्रिज करने का अंधेरी उपचुनाव पर कोई असर नहीं पड़ने वाला, क्योंकि एनसीपी और कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना के उम्मीदवार को समर्थन दे दिया है। इसका कारण है कि कोई भी पार्टी और संगठन चुनाव चिन्ह से नहीं चलता, बल्कि लोगों का समर्थन और सहयोग महत्वपूर्ण रहता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले इस तरह की घटना कांग्रेस पार्टी के साथ हो चुकी है, इसलिए यह कोई नई बात नहीं है। जनता के सहयोग से फिर चमत्कार किया जा सकता है, इसलिए इसे ज्यादा महत्व न देते हुए उद्धव ठाकरे को उपचुनाव की तैयारी करनी चाहिए। शरद पवार ने विश्वास जताया है कि वहां की युवा पीढ़ी और मजबूती से खड़ी होकर अपनी ताकत और बढ़ाएगी। पवार ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना (ठाकरे समूह) महाविकास अघाड़ी में हैं। पवार ने साफ किया है कि इस फैसले का महाविकास अघाड़ी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। शरद पवार ने यह भी सलाह दी है कि ठाकरे और शिंदे समूह को आने वाले समय में चुनाव का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। राकांपा विधायक रोहित पवार ने कहा कि चुनाव आयोग का शिवसेना के नाम और धनुष-बाण चुनाव चिन्ह पर रोक लगाने का फैसला लोगों के लिए चौंकाने वाला है, लेकिन निश्चित रूप से अप्रत्याशित नहीं है। इससे लोगों की वफादारी को नहीं रोका जा सकता है। उद्धव ठाकरे की दशहरा रैली में दिखी वफादारी चुनाव में भी जरूर दिखेगी। हालांकि, यह सच है कि एक सच्चे शिवसैनिक को धनुष और बाण के चुनाव चिन्ह और शिवसेना नाम को फ्रीज करने से बहुत दुख होगा। पूर्व महापौर और शिवसेना प्रवक्ता किशोरी पेडणेकर ने कहा कि शिंदे समूह की वजह से स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना और उसका चुनाव चिन्ह जब्त किया गया है। लोग इससे नाराज हैं और कह रहे हैं कि शिंदे समूह ने अपनी मां रूपी शिवसेना को बेच दिया। इसका परिणाम शिंदे समूह को भुगतना पड़ेगा। शिंदे समूह के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने कहा कि शिवसेना और उसका चुनाव चिन्ह जब्त करने का फैसला अप्रत्याशित है। उन्होंने कभी भी ऐसा नहीं चाहा था, इस संदर्भ में सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष फिर से आवेदन दिया जाएगा और यह नाम और चुनाव चिन्ह हमें मिले, इसका प्रयास किया जाएगा।

कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि, हुकमरान समाज बनने में जुटे बहुजन समाज : मायावती

लखनऊ, (हि.स.)। बामसेफ, डीएस-फोर एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम के सभी अनुयाई उनके बताये हुये रास्तों पर चलें और बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के अधूरे. कार्यों को पूरा करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी में ही सर्वसमाज का हित निहित व भविष्य भी सुरक्षित है। यह बातें रविवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांशीराम जी को उनकी 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के दौरान कही। मायावती ने कहा कि देश के बहुजन समाज के गरीब, पिछड़े एवं उपेक्षित लोग, आजादी के बाद के 75 वर्षों के लम्बे इतिहास काल के दौरान अपना संवैधानिक व कानूनी हक मांगते-मांगते काफी परेशान हो चुके हैं। और अब अपनी पूरी ताकत व शिद्दत के साथ हुकमरान समाज बनने के मिशनरी अभियान में मुस्तैदी के साथ जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जागो तब सवेरा अर्थात खासकर उत्तर प्रदेश में आने वाला निकाय चुनाव सहित अगला कोई भी चुनाव आपकी आजमाइश एवं चुनौती हो सकता है, जिसकी तैयारी व सफलता बहुत कुछ परिवर्तन की राह आसान कर सकती है। यही आज के दिन का संदेश है जिसे संकल्प के रूप में अंगीकार करके आगे बढ़ना है।

बसपा सुप्रिमो ने कहा कि वैसे भी इस प्रकार के लक्ष्यों की प्राप्त के दौरान कठिन चुनौतियों की घड़ी सामने आती रहती है, जिससे निराश व हताश हुए बिना ही केवल अपने आप पर ही पूरा-पूरा भरोसा करके पूरे तन, मन, धन के साथ संघर्ष में तीव्रता के साथ लगे रहना है। कौन कहां आया, कौन कहां गया, ऐसे निजी स्वार्थी लोगों की परवाह किए बिना आपको अपना कदम मजबूती के साथ आगे बढ़ाते रहना है। बहुजन मूवमेन्ट कल भी जीवित व जोवन्त था, आज भी है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। उल्लेखनीय है कि मायावती ने रविवार सुबह बसपा उत्तर प्रदेश स्टेट यूनिट कार्यालय-12 माल एवेन्यू में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही कांशीराम के स्मारक स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

सावरकर पर टिप्पणी को लेकर फडवणीस ने राहुल गांधी की निंदा की

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के बारे में टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की और पूछा कि क्या शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ऐसे बयान का समर्थन करते हैं। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि राहुल गांधी को भारत एवं कांग्रेस का इतिहास मालूम नहीं है। मीडिया के साथ संवाद के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर ब्रिटिश से वजीफा लिया करते थे और ये ऐतिहासिक तथ्य हैं। फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी ने फिर वीर सावरकर का अपमान किया है। वह लगातार कह रहे हैं कि वह एजेंट थे और पैसे लेते थे। मैं इस बयान की निंदा करता हूं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद कांग्रेस ने जानबूझकर कई बार सावरकर का अपमान किया। क्या शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे :राहुल के इस बयान की निंदा करेंगे। उन्होंने कहा कि क्या वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने नेताओं को उनका स्वागत करने के लिए भेजने जा रहे हैं और क्या वह उनके बयान का समर्थन करने जा रहे हैं? उद्धवजी को इसका जवाब जरूर देना चाहिए। हिंदुत्व विचारक कई दक्षिणपंथी संगठनों के आराध्य हैं। वह भाजपा के लिए भी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक रहे हैं। शिवसेना ने सावरकर के लिए भारत रत्न की मांग की थी। फडणवीस ने कहा कि सावरकर ने अंडमान की सेल्युलर जेल में 11 साल कालापानी की सजा काटी। बहुत कम ऐसे स्वतंत्रता सेनानी हैं जो इतने साल जेल में रहे। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया, क्रांतिकारी आंदोलन की शुरूआत की, ब्रिटिश के हाथों उत्पीड़न सहा। वह सजा काटने के दौरान भी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में सोचते थे।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आईईडी और स्टिकी बम जब्त

जम्मू (ईएमएस)। जम्मू कश्मीर के कठुआ में तीन-तीन आईईडी और स्टिकी बम बरामद किए गए। जम्मू क्षेत्र के एडीजीपी मुकेश सिंह ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को दो अक्टूबर को कठुआ से गिरफ्तार किया गया था, उसी के खुलासे के बाद यह बरामदगी की गई। पुलिस के अनुसार बिलावर गांव का आतंकवादी जाकिर हुसैन भट उर्फ उमर फारूक विभिन्न सोशल मीडिया ऐप के जरिए पाकिस्तान से सक्रिय जैश-ए-मोहम्मद के साथ संपर्क में था और उसे जम्मू क्षेत्र में हमला करने के लिए आईईडी और स्टिकी बमों की एक खेप मिली थी। पुलिस ने कहा कि उसे पहले एक मामले में दोषी ठहराया गया था और वह 14 साल के लिए कोट भलवाल जेल में बंद था तथा 2019 में रिहा कर दिया गया था। उसने जेईएम के आतंकवादी फरीद के साथ संबंध विकसित किए थे, जो जम्मू कश्मीर में जेल की सजा काटने के बाद अपने देश पाकिस्तान लौट गया था। उन्होंने बताया कि वह पाकिस्तान स्थित आकाओं के इशारे पर अन्य पुराने आतंकवादियों को अपने क्षेत्र में शामिल कर पुरानी आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की योजना बना रहा था।

महाकाल कॉरिडोर के उदघाटन पर विशेष गीत गाएंगे कैलाश खेर

- प्रधानमंत्री 11 अक्टूबर को उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर का करेंगे उदघाटन

उज्जैन (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को उज्जैन में 856 करोड़ रुपए की महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर विकास परियोजना के पहले चरण की शुरूआत करेंगे। इस मौके पर गायक खेर उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य देवता भगवान शिव को समर्पित एक गीत गाएंगे। नए कॉरिडोर के निर्माण के मौके पर जय श्री महाकाल गीत की रचना की गई है, जिसे महाकाल लोक नाम दिया गया है। परियोजना पर काम करने वाली कंपनी उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महाकाल लोक की शुरूआत के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिसे प्रधानमंत्री लोगों को समर्पित करेंगे। शाम को उज्जैन पहुंचने के बाद वह महाकालेश्वर मंदिर परिसर जाकर पूजा करेंगे। उसके बाद वह नए गलियारे के मुख्य प्रवेश द्वार नंदी द्वार पर जाएंगे और गलियारे का उदघाटन करेंगे। उज्जैन स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार पाठक ने बताया कि उसी दिन बाद में एक भव्य कार्यक्रम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जाने-माने गायक कैलाश खेर भगवान शिव को समर्पित एक विशेष गीत शिव स्तुति गाएंगे। गीत की रचना विशेष रूप से महाकाल लोक के निर्माण को चिह्नित करने के लिए की गई है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि खेर अपनी टीम कैलासा के साथ कार्तिक मेला ग्राउंड स्थल पर प्रस्तुति देंगे जहां कॉरिडोर खुलने के बाद एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति रहेगी।

संचारी रोगों पर नियंत्रण को मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाएं : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश से मलेरिया, डेंगू, काला जार और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है। इसको लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। प्रदेश में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान को अंतर विभागीय समन्वय से धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करें। संचारी रोगों पर प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिलों में मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों में डेंगू और आइसोलेशन वार्ड बनाएं। अस्पतालों में नियमित साफ सफाई होती रहे, इस पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ कोविड-19 और संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में टेस्टिंग की संख्या को और बढ़ाने की आवश्यकता है। कोविड को लेकर डरने वाली स्थिति नहीं है, लेकिन आने वाले पर्व और त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़ उमड़ेगी। इसे देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके लिए स्वास्थ्य और गृह विभाग विशेष सतर्कता बरतें। साथ ही गृह विभाग पब्लिक एड्रेस सिस्टम को और बेहत्तर बनाएं।

उन्होंने प्रदेश में असमय हो रही बारिश को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राहत सामग्री का वितरण किया जाए। साथ ही जनधन की हानि पर शासन द्वारा अनुमन्य राहत राशि दी जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री और अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण करें। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में अब तक कोविड रोधी वैक्सीन की 39 करोड़ डोज लगाई जा चुकी है। यह पूरे देश में सबसे ज्यादा है। प्रिकॉशन डोज 4.39 करोड़ लगाई गई है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 385 है। संक्रमण की दर देखा जाए तो 0.15 प्रतिशत है। सात दिनों में प्रदेश में ढाई लाख टेस्टिंग हुई है जो पूरे देश का 25 प्रतिशत है। वहीं, आठ अक्टूबर को 50 हजार टेस्टिंग की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नवरात्रि और दशहरा से सम्बंधित कार्यक्रम मान्यताओं के अनुरूप प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अभी भी हो रहे हैं। इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में स्थापित 400 से अधिक मूर्तियों का अभी विसर्जन नहीं हुआ है। साथ ही 35 जगहों पर अभी रावण दहन के कार्यक्रम भी होने हैं। प्रदेश में वाल्मीकि जयंती और बारावफात से जुड़े कई आयोजन होंगे। इन पर्व और त्योहारों को देखते हुए प्रदेश में कहीं कोई अप्रिय घटना न घटने पाए। इसको लेकर गृह विभाग विशेष तौर पर सतर्कता बरते।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
■ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल)

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092

संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
8375000672

ADVERTISMENT RATE
TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

FULL FRONT PAGE	₹ 1,20,000/-
FULL INNER PAGE	₹ 60,000/-
FULL BACK PAGE	₹ 90,000/-
HALF FRONT PAGE	₹ 66,000/-
HALF PAGE INNER	₹ 36,000/-
HALF PAGE BACK	₹ 51,000/-
QTR. PAGE FRONT	₹ 36,000/-
QTR. PAGE INNER	₹ 21,000/-
QTR. PAGE BACK	₹ 30,000/-

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 10 oct 2022:Layout 1 10/9/2022 7:24 AM Page 8

'बिग बॉस' में साजिद के शामिल होने पर उर्फी ने भी उठाए सवाल

-कई लोगों ने शो का हिस्सा बनने पर उठाए हैं सवाल

मुंबई (ईएमएस)। 'बिग बॉस 16' में अभिनेता-फिल्म निर्माता साजिद खान के शामिल होने पर अब 'बिग बॉस ओटीटी' फेम उर्फी जावेद ने भी सवाल उठाए है। उर्फी जावेद ने कहा, "'बिग बॉस', आप ऐसा क्यों करेंगे? जब आप यौन शोषण करने वालों का समर्थन करते हैं, तो आप वास्तव में उन्हें बता रहे हैं कि उन्होंने जो किया है वह ठीक है। इन पुरुषों को यह जानने की जरूरत है कि यह व्यवहार ठीक नहीं है और वे दूर नहीं हो सकते इसके साथ। यौन शिकारियों के साथ काम करना बंद करो! यह शर्मनाक है!" 2018 में, अभिनेत्री मंदाना करीमी सहित साजिद की कई महिला सहयोगियों ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और साजिद के खिलाफ अपने 'मीटू' अनुभव साझा करने के लिए सामने आए थी। इसी के चलते साजिद को 'हाउसफुल 4' के निर्देशक का पद छोड़ना पड़ा था। उर्फी ने आगे कहा, "साजिद खान ने जो किया उसके लिए कभी माफी नहीं मांगी! कल्पना कीजिए कि जिन लड़कियों को उन्होंने परेशान किया, वे क्या महसूस कर रही होगी? इसलिए आपको वास्तव में चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि भले ही आप कई महिलाओं को परेशान करते हैं, फिर भी आप सबसे बड़े शो में होंगे। कॉन्ट्रोवर्सी के लिए आप हर चीज थोड़े ही सपोर्ट करेंगे। कलर्स, यौन शिकारियों का समर्थन करना बंद करे!" उर्फी ने कहा कि उनके शो में आने के बाद वह इसमें शामिल होने के बारे में सोच भी नहीं सकती थीं। क्या हम सभी कृपया यौन शिकारियों का समर्थन करना बंद कर सकते हैं। मुझे विश्वास भी नहीं हो रहा है कि क्या जिन लड़कियों को उसने प्रताड़ित किया, वे उसे हर रोज टेलीविजन पर देखेंगी।"उर्फी ने आगे इसको लेकर कहा, "ऐसा नहीं है कि मुझे इस साल 'बिग बॉस' से कोई प्रस्ताव मिला, लेकिन अगर मुझे मिल भी गया, तो मैं शो का हिस्सा नही बनूंगी!!

अनन्या पांडे आयुष्मान के साथ जल्द करेंगी धमाका

-इंस्टाग्राम पर शेयर किया अपना दिलकश वीडियो

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी अपकमिंग फिल्म ड्रीम गर्ल-2 की शूटिंग शुरू कर दी हैं। इस बात की जानकारी देते हुए अदाकारा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपना एक दिलकश वीडियो शेयर किया है। वीडियो में अनन्या बेहद क्यूट तरीके से स्माइल देते हुए पोज दे रही हैं। बता दें कि ड्रीम गर्ल-2 में पहली बार एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ देखी जाएंगी। कुछ ही एक बार फिर उनके लेटेस्ट अपडेट इंस्टाग्राम पोस्ट में देखने को मिल रहा है। अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ड्रीम गर्ल-2 की शूटिंग की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, सेट पर वापसी। हैसटैगड्रीमगर्ल्स2। वीडियो में अनन्या एकदम देसी गर्ल लग रही हैं। वह इंडियन आउट में बेहद शानदार दिखाई दे रही हैं पिंक एंड व्हाइट कुर्ती के साथ माथे पर क्यूट सी बिंदी लगाए और बालों को खुला छोड़ उन्होंने अपने लुक को पूरा किया है। ड्रीम गर्ल-2 फिल्म की बात करें तो, एक बार फिर इस फिल्म में आयुष्मान खुराना अपने अनूठे अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करने वाले हैं। इसके अलावा फिल्म में अभिषेक बनर्जी,अन्नू कपूर, मनजोत सिंह जैसे कलाकार भी कॉमेडी का तड़का लगाएंगे। यह फिल्म अगले साल ईद पर यानी 29 जून 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का निर्देशन राज शांडिल्य कर रहे हैं। वहीं, प्रोड्यूस इसे एकता कपूर कर रही हैं। फिल्म को लेकर लंबे वक्त बज बना हुआ है। अब अनन्या पांडे के काम की बात करें तो ड्रीम गर्ल-2 के बाद अनन्या जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव के साथ खो गए हम कहां में में दिखाई देंगी। मीडिया अटकलों की मानें तो वह एकता कपूर की अपकमिंग प्रोजेक्ट केटीना में अहम रोल में देखी जाएंगी। गौरतलब है कि बॉलीवुड की उभरती एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने प्रोफेशनल से लेकर पर्सनल लाइफ जुड़ी सारी बातें सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस का दिन बना देती है।

मेरी ख्वाहिश को गंभीरता से नहीं लिया था: सिद्धार्थ

-एक्टर ने ताजा इंटरव्यू में खुलासा किया

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि शुरू में उनके परिवार ने एक्टर बनने की उनकी ख्वाहिश को गंभीरता से नहीं लिया था। शेरशाह फेम एक्टर ने बातचीत के दौरान अपनी कमाई के बारे में भी बात की। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बताया कि उनकी पहली सैलरी 7 हजार रुपये थी। एक्टर ने पिंकविला को आगे बताया कि उन्होंने अपनी मां को वह पैसे दे दिए थे, क्योंकि उस समय उनके पास बैंक अकाउंट नहीं था।बहुत कम लोग जानते हैं कि सिद्धार्थ मल्होत्रा ने करण जौहर की फिल्म से एक एक्टर के रूप में शुरूआत करने से पहले, उनकी फिल्म माई नेम इज खान में असिस्टेंट डायरेक्ट के रूप में काम किया था। वे अच्छी कद-काठी के हैं, इसलिए उन्हें अपने लुक के चलते कभी रिजेक्शन का सामना नहीं करना पड़ा। काम की बात करें, तो सिद्धार्थ के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। वे थैंक गॉड में अजय देवगन के साथ नजर आएंगे। इंद्र कुमार निर्देशित यह फिल्म 25 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

इसके अलावा, उनके पास योद्धा भी है, जो अपनी तरह की पहली एक्शन फिल्म होगी। सिद्धार्थ इस एंटरटेनर में एरियल एक्शन करते नजर आएंगे, जो 11 नवंबर को रिलीज होगी। सिद्धार्थ मल्होत्रा एक एक्शन पैक्ड वेब सीरीज के साथ अपने ओटीटी डेब्यू के लिए भी तैयार हैं। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इंडियन पुलिस फोर्स में सिद्धार्थ एक पुलिसवाले के रोल में दिखाई देंगे। वे शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म शेरशाह की रिलीज के बाद उनकी खूब वाहवाही हुई। उन्होंने साल 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने अभिनय सफर की शुरूआत की थी। हालांकि, सिद्धार्थ को फिल्मों में नाम कमाने से पहले, एक लंबा संघर्ष करना पड़ा था।

धनुष-ऐश्वर्या नही लेंगें तलाक

कई मीडिया रिपोटरें में कहा गया है कि तमिल स्टार धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत ने अलग होने की घोषणा के नौ महीने बाद अपनी शादी को ठीक करने का फैसला किया है। हालांकि अभी भी फैंस को धनुष और ऐश्वर्या के आधिकारिक बयान का इंतजार है। धनुष और ऐश्वर्या की शादी 2004 में हुई थी। उनके दो बेटे हैं, यात्रा राजा और लिंगा राजा। जनवरी 2022 में तलाक के फैसले को लेकर धनुष ने सोशल मीडिया पर लिखा था, "दोस्तों के रूप में, जोड़े के रूप में, माता-पिता के रूप में और एक-दूसरे के शुभचिंतकों के रूप में 18 साल का एक साथ। यात्रा- विकास, समझ, समायोजन और अनुकूलन की रही है। आज हम एक ऐसी जगह पर खड़े हैं जहां हमारे रास्ते हैं। ऐश्वर्या और मैंने एक जोड़े के रूप में अलग होने का फैसला किया है और हमें बेहतर के लिए व्यक्तियों के रूप में समझने के लिए समय निकाला है।

कृपया हमारे निर्णय का सम्मान करें और इससे निपटने के लिए हमें आवश्यक गोपनीयता प्रदान करें। ओम नमशिवाया! प्यार बांटो, डी।" भले ही दोनों ने अलग होने के कारण का खुलासा नहीं किया और सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया, लेकिन ऐसी खबरें थीं कि धनुष और ऐश्वर्या के परिवार उन्हें साथ रहने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे।

लंदन में इश्क लडा रहे अर्जुन और मलाइका

-अपकमिंग फिल्म की शूटिंग करने गए है अर्जुन

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा लंदन में इश्क लडा रहे है एक्टर अर्जुन यहां अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग करने गए हैं। यहीं पर मलाइका भी अर्जुन को कंपनी देने पहुंची हैं। इस दौरान बीती शाम दोनों लंदन में फुटबॉल मैच देखने पहुंचे थे। स्टेडियम में दोनों इश्क लड़ाते नजर आए हैं। अर्जुन कपूर ने दोनों की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। तस्वीरों में अर्जुन कपूर, मलाइका को फोरहेड पर किस करते नजर आ रहे हैं। वहीं मलाइका भी स्टेडियम पर बज रहे गानों पर झूमती नजर आईं।बीती शाम इंग्लैंड के मशहूर स्टेडियम स्टेंफॉर्ड स्टेडियम में फुटबाल टीम चेल्सी और एसी मिलान के बीच फुटबॉल मैच खेला गया था। इस दौरान अर्जुन कपूर भी अपनी पसंदीदा टीम चेल्सी को चीयर्स करने पहुंचे थे। अर्जुन के साथ मलाइका अरोड़ा भी उनके साथ रोमांटिक डेट पर गईं थी। मैच के दौरान दोनों ने क्वालिटी टाइम स्पेंड करते नजर आ रहे हैं। अर्जुन कपूर चेल्सी के बड़े फैन हैं। भारत में चेल्सी फैन क्लब के ब्रांड एंबेसडर भी अर्जुन कपूर रह चुके हैं। बता दें कि इस मैच में अर्जुन की टीम चेल्सी ने एसी मिलान क्लब को 3-0 से हराकर जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ अर्जुन की खुशी भी दोगुनी हो गई है। मैच के दौरान मलाइका अरोड़ा भी गानों पर थिरकती दिखीं। साथ ही मलाइका ने अपनी टीम के समर्थन में चियर्स भी किया। दोनों मैच के दौरान काफी खुश नजर आए। इस रोमांटिक डेट पर यह बॉलीवुड कपल मस्ती करते नजर आया। अर्जुन ने इसका फोटो और वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। जिसमें अर्जुन कपूर, मलाइका अरोड़ा को फोरहेड पर किस करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा खान लंबे समय से डेट कर रहे हैं। साल 2019 में दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था। एक इंटरव्यू के दौरान मलाइका अरोड़ा ने कहा था कि अर्जुन के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है। दोनों एक दूसरे को काफी पसंद करते हैं और साथ में वक्त बिताते हैं।

अगली फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आएगी कियारा

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार कियारा आडवाणी आजकल जिस फिल्म में नजर आती हैं, चहीं फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती हैं। कियारा के पास इन दिनों कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स हैं। जल्द ही वह अपनी अगली फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उन्होने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का 'सत्यप्रेम की कथा' का पहला शेड्यूल कंप्लीट किया हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट कार्तिक आर्यन नजर आने वाले हैं। कियारा आडवाणी आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इन दिनों वह जिस फिल्म में नजर आती हैं फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती हैं। बैक टू बैक सफलताओं की सीढ़ी चढ़ रही कियारा के पास इन दिनों कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स हैं। जिनमें वह नजर आने वाली हैं। जल्द ही वह अपनी अगली फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उन्होने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का 'सत्यप्रेम की कथा' का पहला शेड्यूल कंप्लीट किया हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट कार्तिक आर्यन नजर आने वाले हैं। कियारा आडवाणी आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इन दिनों वह जिस फिल्म में नजर आती हैं फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती हैं। बैक टू बैक सफलताओं की सीढ़ी चढ़ रही कियारा के पास इन दिनों कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स हैं। जिनमें वह नजर आने वाली हैं। जल्द ही वह अपनी अगली फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उन्होने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का 'सत्यप्रेम की कथा' का पहला शेड्यूल कंप्लीट किया हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट कार्तिक आर्यन नजर आने वाले हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्मों के लिए हिट की गारंटी बन गई है। भूल भुलैया 2 हो या जुग जग जियो उनकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन किया है। कियारा आडवाणी गिनती आज इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में होती हैं। यही वजह है कि वह मेकर्स की पहली पसंद भी बनी हुई हैं। अब जल्द ही वह सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक समीर विदवान की सत्यप्रेम की कथा में नजर आने वाली हैं जिसका पहला शेड्यूल उन्होंने कंप्लीट कर लिया है। साथ ही उन्होंने सत्यप्रेम की कथा के पहले शेड्यूल के रैप की एनाउंसमेंट भी की है। इस फिल्म में कियारा कथा की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, कियारा आडवाणी अपनी इस फिल्म में एक अलग लुक में नजर आने वाली है। सोशल मीडिया पर भी कियारा काफी एक्टिव हैं। वह अक्सर मुंबई में शूटिंग के दौरान सेट से अपनी झलकियां और बीटीएस फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अब उन्होंने सत्यप्रेम की कथा के पहले शेड्यूल के रैप की एनाउंसमेंट की है। रैप की घोषणा करते हुए कियारा ने अपनी टीम के साथ एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह फिल्म के पहले शेड्यूल के कंप्लीट होने पर सेलिब्रेट करती नजर आ रही हैं। कियारा आडवाणी और टीम अब जल्द ही गुजरात में दूसरा शेड्यूल फिर से शुरू करेंगी। फिल्म इंडस्ट्री की खूबसरत अदाकारा कियारा आडवाणी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेरशाह से लेकर बड़े पर्दे पे भूल भुलैया 2 के साथ, कोरोना महामारी के बाद बॉलीवुड की पहली ब्लॉकबस्टर की सफलताओं को एंजॉय किया है।

दिल की बात दिल से कही गई है 'द व्हाइट एल्बम' में

मुम्बई (ईएमएस)। संगीत के बेताज बादशाह लेस्ली लुईस अपने चाहनेवालों के लिए संगीत का सबसे बेहतरीन नजराना लेकर आये हैं जिसका नाम हैं 'द वाइट एल्बम'। 'व्हाइट एल्बम' को पिछले दिनों टैप अंधेरी (वेस्ट), मुम्बई स्थित 'टैप' प्रेक्षागृह में आयोजित एक भव्य समारोह में लॉन्च किया गया जहाँ गायक-कलाकार-कंपोजर लेस्ली लुईस के खास दोस्त और संगीत कलाकार उन्हें बधाई देने पहुँचे। जिनमें से खास थे मशहूर सिंगर हरिहरन जो अपने बेटे अक्षय हरिहरन के साथ आये। इसके अलावा जीतू शंकर, काव्या जोन्स, विवेक प्रकाश, संदीप सोपरकर, मेजबान अंकित तमांग, डीजे अकबर सामी, गिरीश वानखेड़े, डॉ अनुषा श्रीनिवासन अय्यर, करण ओबेरॉय, शेरिन वर्गीज और डैनी एम फर्नांडीस , पूजा देवी, लेस्ली बैंड के ड्रमर पार्थ मल्होत्रा, अभिनेता प्रीत कमानी, अभिनेत्री शांतिप्रिया रे, शुभम रे, मेघदीप बोस, श्रुति पाठक, मुकुल दाभोलकर, साशा दाभोलकर, अभिनेता हृषिकेश पांडे, साविया डी'सा, हृषिकेश चुरी, शेल्डन डिसिल्वा, बीटबॉक्सर दिव्यांश कचोलिया और बॉलीवुड कई अन्य नामचीन हस्तियां शामिल थी। हर एक श्रोता के लिए एक अलग रंग का संगीत देना लेस्ली लुईस को बखूबी आता है। 'व्हाइट एल्बम' पूरी तरह से लेस्ली लुईस की व्यक्तित्व की व्याख्या है संगीत हो या उसके बोल हो, वीडियो का हर पहलू, लेस्ली लुईस की दिल की आवाज बयां करता है। दिल की बात दिल से कही गई है 'द व्हाइट एल्बम' में। 'व्हाइट एल्बम' फिलवक्त स्पॉटिफाई, विंक म्यूजिक और यूट्यूब पर उपलब्ध है।

सूडोकु नवताल- 6217

कठिनतम

		8			4			
1								9
3				2			5	
			1				8	
		5				4		
	7				9			
	6			3				2
9								1
			8			7		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6216 का हल

6	3	8	5	2	1	4	7	9
7	9	1	4	6	3	5	8	2
2	4	5	7	9	8	6	3	1
9	1	3	2	5	4	8	6	7
4	6	2	8	1	7	9	5	3
5	8	7	6	3	9	1	2	4
3	2	4	1	8	5	7	9	6
8	7	6	9	4	2	3	1	5
1	5	9	3	7	6	2	4	8

शब्दजाल - 6964

अ	क	ल	व	दे	ह	रा	दू	न	ल	क	
र	ल्मो	ल	रु	व	जी	ग	द	इ	ट	ली	
ग	स	ड्र	ल	द्र	छ	पु	चं	पा	व	त	
क	ढ़	ज	य	पु	प्र	न	प	न	ल	उ	
क	क	वा	ग	श्री	लं	या	तू	ग	झ	ध	
जी	क	ल	ल	ह	झ	पू	ग	ण	घ	म	
उ	आ	नै	नी	ता	ल	ल	श	र	ला	सिं	
क	त्त	दा	ई	धा	ब	क	फ	लो	श	ह	
च	बा	र	न	ब्रा	जी	ल	री	ग	प	न	
मो	पा	ल	का	व	ह	रि	द्धा	र	प	ग	
ली	क	ल	प	शी	न	रा	बा	द	प	र	

शब्द जाल में उत्तरांचल के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अल्मोडा, चमोली, चंपावत, देहरादून, गढ़वाल,हरिद्वार,नैनीताल,रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी

शब्दजाल - 6963 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-5917

	3		4	1		2
4	28		25		36	
	5			6	7	4
	28	5	35	3	39	
3	2		6		5	
	32	3	42	5	32	
1	5			4		3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5916 का हल

6	3	5	7	4	1	2
1	28	3	40	5	31	7
2	1	7	6	3	5	4
7	34	6	31	2	30	3
3	6	2	4	1	7	5
5	30	4	28	6	35	1
4	5	1	3	7	2	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in